


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 23 सितंबर 2024

संवत 2081, आश्विन कृष्ण 6 संवत मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 19 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028






4 ▶▶ डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया

पूजा भट्ट को लेकर आलिया का बयान चर्चा में ◀◀ 6





# रक्षा राज्य मंत्री का गांववासियों को दुर्गापूजा का तोहफा, 2000 सोलर लाइट से जगमगाएगा गांव

**मेट्रो रेज**

**रांची:** रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने रांची में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान एक ओर जहां सीजीएल परीक्षा में कदाचार रोकने के आड़ में इंटरनेट सेवा बंद करने को सरकार की नाकामी करार दिया तो वहीं दुर्गापूजा से पहले रांची के गांवों को सोलर लाइट से जगमग करने की योजना की जानकारी दी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न पीएसयू से 2000 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है, बहुत जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों पर सोलर लाइट लगाई जाएगी।

**6 करोड़ की लागत से गांव में लगेंगी सोलर लाइट :** पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो, इस उद्देश्य के साथ उनका एक प्रयास था कि हर गांव तक सोलर लाइट पहुंचे और इस कोशिश को सफलता भी मिली है। उन्होंने बताया कि 6 करोड़ की लागत से 2000 हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति प्रदान की गई है। एक लाइट की



कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। यह सभी लाइट 15 फीट की ऊंचाई पर लगेगी, जिसमें 30-30 वॉट के 30 लाइट लगे होंगे। रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि इस लाइट की सबसे खासियत बात होगी कि यह सोलर से चार्जेबल और सेंसर आधारित होंगे, जो शाम में अंधेरा होते ही ऑटोमेटिक जल जाएगा और सुबह होते ही ऑफ हो जाएगा। इस प्रकाश के माध्यम से गांव का कोना-कोना जगमगाता हुआ दिखाई देगा। साथ ही हाथी प्रभावित क्षेत्रों में भी लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**इन जगहों पर सोलर लाइट लगाने की होगी प्राथमिकता :** पत्रकार वार्ता के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि इन सोलर लाइट को सरना स्थल, धूमकुडिया भवन, सामुदायिक भवन, अखड़ा, चौपाल, महत्वपूर्ण चौक चौराहा, पंचायत भवन, चबूतरा, हाथी प्रभावित क्षेत्र समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सबसे पहले लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र का समुचित विकास हो, इसी सोच के साथ उनका प्रयास हमेशा जारी रहता है। यह कार्य भी उस प्रयास की एक कड़ी है।

**अव्यवहारिक और दमनकारी हो गई है सरकार:** संजय सेठ राज्यभर में दो दिनों की आयोजित जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के दौरान इंटरनेट सेवा बंद होने का मामला अब राजनीतिक छवि की ओर बढ़ता जा रहा है। इस मामले पर संजय सेठ ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार अब बिल्कुल अव्यावहारिक हो चुकी है और दमनकारी नीतियों पर चल रही है। सरकार द्वारा शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हर रूप से झारखंडवासियों का दमन किया जा रहा है। राज्य में खुलेआम आपराधिक घटनाएं घट रही है, महिलाओं के साथ अपराध हो रहे हैं, राजधानी रांची में छिनतई की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार और प्रशासन के लोग हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं। संजय सेठ ने दो दिनों तक इंटरनेट बंद किए जाने को अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बताया है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी की परीक्षा का भ्रष्टाचार और कदाचार की खबर आम जनता के बीच नहीं फैल सके, इस उद्देश्य से इंटरनेट बंद किया गया था। सरकार की हर करतूत का जवाब जनता आने वाले चुनाव में देगी।

**नाकामी छुपाने के लिए सरकार ने इंटरनेट का सहारा :** रांची सांसद एवं रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अभ्यर्थी झारखंड के कोनों से अलग-अलग जिले में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा देने गए थे। अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम से टिकट बनाते हैं। स्टेशन पर उतरकर अपने परीक्षा केंद्र पर जाने के लिए ऋद्धर लोकेशन ट्रैक करते हैं, लेकिन अपनी नाकामी छुपाने के लिए राज्य सरकार द्वारा इंटरनेट सेवा बंद कर दिया गया, जिसके कारण सभी लोग परेशान रहे। बिजनेसमैन को व्यवसाय में क्षति पहुंची। कई ऑफिस में काम बंद हो गया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जम्मू कश्मीर में इंटरनेट सेवा बंद की तो उसका उद्देश्य था पत्थरबाजों पर लगाम लगाना। आज जम्मू कश्मीर में शांति है, लोग रात तक लाल चौक के पास बिना किसी भय के घूमते-फिरते हैं।

# नाकामी छिपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट किया बंद : मरांडी



**मेट्रो रेज**

**रांची:** झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपनी कमियों को छुपाने के लिए हेमंत सरकार ने इंटरनेट बंद किया। इंटरनेट बंद होने से आम लोगों को परेशानी हुई। व्यापार बुरी तरह प्रभावित रहा। आजकल बाजार पूरी तरह ऑनलाइन चलता है। लोग मार्केटिंग ऑनलाइन ही करते हैं। पैसा लेकर लोग नहीं घूमते हैं।मरांडी ने कहा कि नेट उस स्थिति में बंद किया जाता है, जहां बड़े पैमाने पर दंगा और बवाल मचने की आशंकाएं रहती है। आतंकवादी गतिविधि तेज होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की चल रही परिवर्तन यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए नेट बंद किया गया, ताकि डिजिटल माध्यम से यात्रा का प्रचार प्रसार नहीं हो। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगर कह देते कि डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार नहीं करना है, तो भाजपा नहीं करती। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव की घोषणा भी हो जाएगी। पिछले 5 वर्षों में हेमंत सरकार ने वादा खिलाफी की। कमाने और लूटने में लगे रहे। बालू, कोयला हर जगह लूटा। आज तक इतनी लूट किसी भी प्रदेश में नहीं हुई है। आज भी कई दलाल और बिचौलिए जेल में बंद हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोप और मनी लॉन्ड्रिंग में 6 महीना जेल में बंद रहे। एक मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपया मिलता है। एक अफसर के सीए के घर से 19 करोड रुपए बरामद हुआ। पूरी दुनिया ने इसे देखा है।

# अपनी संस्कृति संरक्षित करने की जरूरत : अर्जुन मुंडा



**रांची:** पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रविवार को अनगड़ा में भारत मुंडा समाज के करम मिलन समारोह सह संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज को अपनी संस्कृति, भाषा और रीति रिवाजों को संरक्षित रखने की जरूरत है। हमें अपने समाज में शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। किसी भी हालत में बच्चों को शिक्षा दें। राज्य में केंद्र सरकार 4500 करोड़ रुपये की लागत से 90 एकलव्य स्कूल खोल रही है। समाज के लोग सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। मुंडा समाज बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए गांव और टोलों में महिला सम्मेलन कराए। समाज के लोग आयुष्मान योजना से लेकर अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि मुंडा समाज को जागरूक होने की जरूरत है। मुंडा समाज नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से अवगत कराए। सत्यदेव मुंडा ने कहा कि मुंडा समाज का प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो इसको सुनिश्चित करने की जरूरत है। कार्यक्रम को समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह मुंडा, रिझुआ मुंडा, मुन्ना मुंडा, राजेश पाहन, रुपलक्ष्मी सिंह मुंडा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रोशन मुंडा ने किया। मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा मुंडा, अनुराधा मुंडा, भीम सिंह मुंडा, दुर्गापाहन, सारथी देवी, अनीता गाड़ी, सोहन मुंडा, रामसाय मुंडा, मोतीराम मुंडा, हरदयाल मुंडा, पुशनाथ मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, पुष्कर पाहन, डॉली मुंडा, आशा कच्छप, भोर सिंह मुंडा, शांति मुंडा, अनीता देवी, सीमा देवी, राजेन्द्र मुंडा और तनीजर मुंडा आदि मौजूद थे।

# हजारीबाग में गरजे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, कहा- प्रतिदिन 33 रुपये देने से नहीं मिलेगा महिलाओं को सम्मान

**हजारीबाग, बड़कागांव:** जिले के बड़कागांव स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को आजसू पार्टी का बड़कागांव विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन सह शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जमकर राज्य सरकार पर निशाना साधा।

**राज्य सरकार पर साधा निशाना :** सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के जिस नेता में झारखंड की सोच नहीं है, वह नेता राज्य की भला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि झारखंड में जमीन लूटी जा रही और मालिक घट रहे हैं। सुदेश महतो ने कहा कि 33 रुपये प्रतिदिन देने से महिलाओं को सम्मान नहीं मिल सकता है। एनडीए सरकार ने पंचायत चुनाव में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देकर सम्मान देने का काम किया है।

**झारखंड में लूट की पराकाष्ठा :** सुदेश महतो ने आगे कहा कि झारखंड में लूट की पराकाष्ठा पार गई है। अनुसूचित जाति और पिछड़ों को ठगा गया है। किसानों को उजाड़ा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी चाहे वह आजादी के बाद हो या झारखंड अलग के बाद सिर्फ गोली चलाने जानती है।

**कोल खनन में नियमों की अनदेखी :** आजसू सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड में सभी कोल कंपनियां कोल बैरिंग एक्ट का उल्लंघन कर रही है। उसके तहत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को भी लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि खनन समाप्त होने के बाद किसानों को जमीन लौटाने का प्रावधान है, पर इस नियम के साथ भी छेड़छाड़ किया गया है।




**एनडीए की सरकार बनाने की अपील :** सुदेश महतो ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनेगी तो विस्थापन नीति लागू करते हुए नौकरी, मुआवजा और कंपनी में मलिकाना हक के साथ कंपनी स्थापित होगी। लैंड वैल्यू के आधार पर जमीन मालिकों को लाभ मिलेगा। सुदेश महतो ने कहा यह काम तभी होगा, जब बड़कागांव से आजसू पार्टी का उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी विधायक और झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी।

**परिवर्तन लाने की दिलाई शपथ :** इस दौरान सुदेश महतो ने चूल्हा प्रमुखों को आजसू पार्टी का असली नेता बताया। साथ ही सभी चूल्हा प्रमुखों को बड़कागांव विधानसभा में परिवर्तन लाने की शपथ दिलाई।

**राज्य में हर तरफ मची है लूट :** वहीं गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि बड़कागांव विधानसभा में 15 साल से कांग्रेस पार्टी का आतंक और गुंडागर्दी चल रही है। कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेतृत्व में हेमंत सरकार ने कोयला, लोहा और बालू में लूट मचा रखी है। वहीं प्रदेश में विधि-व्यवस्था ध्वस्त है। सभी अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। झारखंड की नौकरी को 25 लाख में बाहरी के हाथों बेचा गया है। बड़कागांव से कोयला बाहर जा रहा है और बिजली नदारद है। कंपनियों के विरुद्ध में लोकसभा में आवाज उठाया हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड का कल्याण सिर्फ और सिर्फ एनडीए सरकार ही कर सकती है।

**बड़कागांव में परिवर्तन निश्चित**

वहीं बड़कागांव प्रभारी सह केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विस्थापन की समस्या पूरे झारखंड में है, लेकिन बड़कागांव में सबसे अधिक है। 15 वर्ष में विधायक अंबा प्रसाद और उनके परिवार द्वारा बड़कागांव को बेचने और गर्त में ले जाने का काम किया गया है। यहां के लोगों को सिर्फ झूठे केस में फंसाया जा रहा है। मैं बड़कागांव विधानसभा को 20 वर्ष से सेवा दे रहा हूं। बड़कागांव को सिर्फ धोखा मिला है। इस बार परिवर्तन अवश्य होगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भी हमारे संपर्क में हैं और बोल रहे हैं कि इस बार हम सभी आपके साथ में हैं।

**सरकार की उल्टी गिनती शुरू :** वहीं गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि आज के उत्साह को वोट में परिवर्तन करना है। रोशन लाल चौधरी को विधायक बनाकर सिल्ली, रामगढ़ और गोमिया की तरह बड़कागांव का भी विकास करना है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड की सरकार भ्रष्ट और निकम्मी है। 9000 महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ है, पिछड़ों को हक और अधिकार नहीं मिला, बेरोजगारों को भत्ता भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में जंगल राज है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

**कई लोगों ने ली आजसू की सदस्यता :** कार्यक्रम के दौरान विधानसभा के हर पंचायत से गाजे-बाजे के साथ कार्यकताओं के आने का सिलसिला जारी रहा। सम्मेलन में तीनों प्रखंड से दूसरे दल के सैकड़ों कार्यकर्ता पार्टी छोड़ आजसू की सदस्यता ली। जिन्हें मंच पर उपस्थित नेताओं ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**सुदेश महतो ने फहराया पार्टी का झंडा :** वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीबाग जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो और संचालन विजय कुमार साहू एवं तपेश्वर कुमार तापस ने संयुक्त रूप से किया।सम्मेलन के मुख्य अतिथि सुदेश महतो ने मंच पर पहुंचने के पूर्व पार्टी का झंडा फहराया और वीर शहीदों की तस्वीर पर पुष्प अर्पित की। वहीं धन्यवाद ज्ञापन उपेंद्र कुमार ने किया।

**कार्यक्रम में ये भी थे मौजूद :** इस मौके पर देवशरण भगत, पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, विकास राणा,रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, मोहन महतो, लीलाधन साव, गौतम वर्मा, कृष्णा साव, उमेश मेहता, सतीश सिन्हा, उमेश भोक्ता, संदीप कुशवाह, कामेश्वर महतो, गिरेंद्र कुमार, रवि राम मनोज कुमार दांगी, नागेश्वर तूरी, संगीता बारला, कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा,बिनोद महतो, बैजनाथ महतो, गंगाधर महतो,रवि राम, विनोद राम, राज मेहता आदि मौजूद थे।

# कोयल नदी में डूबे नाबालिग का तीन दिनों बाद मिला शव, रील बनाने के दौरान हुआ था हादसा

**पलामू:** रील बनाने के दौरान कोयल नदी में डूबने वाले नाबालिग का शव तीन दिनों के बाद बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। 21 सितंबर को मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में कोयल नदी के तटीय क्षेत्र में कुछ दोस्त नहाने गए हुए थे। इसी क्रम में नाबालिग ने अपने दोस्त को मोबाइल दिया और नहाने का वीडियो बनाने के लिए कहा। इस दौरान नाबालिग नदी में डूब गया।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला भू-अर्जन शाखा)

**प्रपत्र VII**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

**अधिघोषणा सं0:– 1641/भू0अ0, हजारीबाग।** **दिनांक:– 11.09.2024**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा अडानी इन्टरप्राईजेज लि0, गोन्दुलपारा कोयला खान परियोजना हेतु ग्राम गाली, थाना बडकागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग में कुल 175.45 एकड यानि 71.00 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 175.45 एकड यानि 71.00 हेक्टेयर है और जो ग्राम गाली, थाना बड़कागॉव, थाना संख्या 144, अंचल बड़कागॉव, जिला हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखण्ड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 481 | 21 | 396 | नीज | टांड–III | 0.27 | अन्तु राणा, पन्तु राणा, सरला राणा पिता स्व0 बुधन बढही वो कैला राणा वो मुटर राणा पिता नन्हक राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–395 | प्लॉट–398 | प्लॉट–397 | प्लॉट–388 |
| 482 | 29 | 397 | नीज | टांड–III | 0.3 | झुबर गंझु, कैलाश गंझु पिता स्व0 माघा गंझु वो बाना गंझु माता स्व0 झारी देवी वो सिदर गंझु पिता स्व0 शुकर गंझु सा0 देह। | प्लॉट–401 | प्लॉट–396 | प्लॉट–402 | प्लॉट–400 |
| 483 | 19 | 398 | नीज | टांड–III | 0.37 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह व हिस्सा बराबर | प्लॉट–396 | प्लॉट–399 | प्लॉट–400 | प्लॉट–387 |
| 484 | 8 | 399 | नीज | टांड–III | 0.56 | मनोज कुमार, भौसले, दीलीप कुमार भौसले पिता स्व0 देवकी नन्दन राउत वो उदय शंकर राउत, प्रेम राउत, दया राउत, टिंकु राउत, रविशंकर राउत पिता स्व0 मथुरा राउत वो हिना कुमारी, जेडी कुमारी, सुमित राउत पिता स्व0 तारा राउत वो अरूण राउत, अजय राउत,, आनंद कुमार, अभय कुमार, पप्पु कुमार माता स्व0 सुमित्रा देवी(पति पुरन चन्द्र) वो शुशीला देवी पति स्व0 मानकी राम (पति रघुनन्दन प्रसाद जाति कुरमी सा0 देह व हिस्सा बराबर। | प्लॉट–398 | प्लॉट–414 | प्लॉट–414 | प्लॉट–387 |
| 485 | 21 | 400 | नीज | टांड–III | 0.36 | अन्तु राणा, पन्तु राणा, सरला राणा पिता स्व0 बुधन बढही वो कैला राणा वो मुटर राणा पिता नन्हक राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–397 | प्लॉट–399 | प्लॉट–412 | प्लॉट–398 |
| 486 | 23 | 402 | नीज | टांड–III | 1.04 | सेख रजाक वल्द सेख जमउद्दीन जाति सेख सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–406 | प्लॉट–412 | प्लॉट–411 | प्लॉट–395 |
| 487 | 23 | 402/I | नीज | टांड–III | 0.08 | अनीता देवी पति बैजनाथ महतो उर्फ दिनेश्वर महतो जाति कोयरी सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–406 | प्लॉट–412 | प्लॉट–411 | प्लॉट–395 |
| 488 | 21 | 404 | नीज | टांड–III | 0.17 | अन्तु राणा, पन्तु राणा, सरला राणा पिता स्व0 बुधन बढही वो कैला राणा वो मुटर राणा पिता नन्हक राणा सा0 गोन्दलपुरा। | प्लॉट–405 | प्लॉट–402 | प्लॉट–406 | प्लॉट–395 |
| 489 | 19 | 405 | नीज | टांड–III | 0.41 | पच्चु भुईयां पिता स्व0 बिरू भुईयां वो कैला भुईयां, दशरथ भुईयां, जीतन भुईयां, गीरजा भुईयां पिता स्व0 तिलक भुईयां वो मदन भुईयां पिता स्व0 बंधु भुईयां जाति भुईयां सा0 देह व हिस्सा बराबर | प्लॉट–378 | प्लॉट–402 | प्लॉट–406 | प्लॉट–395 |
| 490 | 4 | 406 | नीज | टांड–III | 0.37 | भीखु राणा पिता स्व0 बंधन राणा वो नेपल राणा पिता स्व0 बंशी राणा वो पुरन राणा, सीताराम राणा, जनार्दन राणा पिता स्व0 उत्तीम राणा वो गुलाबी राणा पिता स्व0 बुधन राणा वो फागुन राणा पिता स्व0 खुशी बढही वो दयाल राणा, फुटानी राणा, गोविन्द राणा, रामेश्वर राणा पिता स्व0 सोना राणा वो घमन राणा, लाखो राणा, युगल राणा पिता स्व0 खेदन राणा वो गोविन्द राणा, अशोक राणा, मनोज राणा पिता स्व0 रमल राणा वो बढन राणा पिता स्व0 गजू राणा वो दशरथ राणा, बिन्दु राणा पिता स्व0 कोल्हा राणा वो ईश्वरी राणा, धारो राणा पिता स्व0 जीतन राणा वो महेश राणा, नरेश राणा पिता स्व0 विगन राणा वो देवा राणा, लक्ष्मण राणा, धनी राणा, मिठु राणा, महेन्द्र राणा पिता स्व0 दिलचन्द राणा वो लालसहाय राणा, कोमल राणा, तिलक राणा पिता स्व0 भेखल राणा वो हिरू राणा, भुनेश्वर राणा पिता स्व0 टेकल राणा वो मोगल राणा पिता स्व0 रिझन राणा वो तुलसी राणा, खेमलाल राणा, प्रभु राणा, महावीर राणा पिता स्व0 जग्रनाथ राणा वो दुखन राणा पिता स्व0 लेदो राणा सा0 गोन्दलपुरा | प्लॉट–405 | प्लॉट–402 | प्लॉट–410 | प्लॉट–404 |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम सं0 30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जॉच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

ग्राम चन्दौल, थाना बड़कागॉव, थाना सं0 129, अंचल बडकागॉव, जिला हजारीबाग क्षेत्रफल 161.99 एकड यानि 65.55 हेक्टेयर, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–

1- *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–I के अनुसार भूमि एवं परिसम्पति का मुआवजा:–
(क) भूमि का मुआवजा– प्रति एकड 24,56,986.00 रूपये (गुणाक घटक–2, सोलेशियम 100 प्रतिशत एवं तीन वर्ष की ब्याज की राशि सहित) देय होगा।
(ख) भूमि पर अवस्थित परिसम्पतियों का मुआवजा–संबंधित विभाग के द्वारा मुल्यांकन के पश्चात् मुल्यांकित राशि सोलिशियम सहित अर्थात मुल्यांकित राशि का दोगुना मुआवजा के रूप में प्रदान की जायेगी।

2- *RFCTLARR Act-2013* के अनुसूची–II के अनुसार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉं–

| कंडिका | पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन संबंधी उपबंध/हकदारियॉं। | |
|---|---|---|
| 1. | विस्थापन की दशा में आवासन इकाईयों की व्यवस्था:– | |
| | विकल्प | विस्थापित परिवारों को दिये जाने वाले लाभ |
| | विकल्प–1 | • 10 लाख रू0 प्रति परिवार स्व स्थानांतरण (Self Re- location) की स्थिति में। |
| | विकल्प–2 | • पुनर्वास कॉलोनी में निर्मित मकान। |
| | विकल्प–3 | • पुनर्वास कॉलोनी में उपलब्धता के अनुसार एक प्लॉट। |
| | | • 7,00,000/- रू0 पुनर्वास कॉलोनी में मकान के बदले। |
| 2. | भूमि के लिए भूमि :– लागू नहीं | |
| 3. | विकसित भूमि के लिए प्रस्थापना :–लागू नहीं। | |
| 4. | रोजगार/वार्षिक वृति:– | |
| | ➢ प्रभावित परिवार के एक सदस्य को समुचित प्रशिक्षण एवं कौशल विकास करने के पश्चात् योग्यता, अहर्ता एवं कम्पनी की आवश्यकता अनुसार नियोजित किया जायेगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को एक मुश्त 5,00,000/- (पांच लाख रूपये) देय होगा। अथवा ➢ प्रभावित परिवार को नियमानुसार 2,000/- (दो हजार रूपये) प्रतिमाह 20 वर्ष तक वार्षिक वृति देय होगा। | |
| 5. | विस्थापित कुटुंबों के लिए एक वर्ष की अवधि तक जीवन–निर्वाह अनुदान:– | |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को एक वर्ष तक 3,000/- रू0 प्रति माह जीवन निर्वाह अनुदान प्रदान किया जायेगा। | |
| 6. | विस्थापित कुटुंबों के लिए परिवहन खर्च:– | |
| | ➢ प्रत्येक विस्थापित कुटुंबों को 50,000/- रू0 प्रति परिवार परिवहन खर्च देय होगा। | |
| 7. | पशुबाड़ा खर्च:– | |
| | ➢ पशुबाडा हेतु प्रत्येक विस्थापित कुटुम्ब को वित्तीय सहायता के रूप में 35,000/- रू0 देय होगा। | |
| 8. | कारीगरों, छोटे व्यापारियों, छोटी दुकान और कतिपय अन्य को एक बारगी अनुदान:– | |
| | ➢ कारीगर, छोटे व्यापारी, छोटे दुकान रखने वाले या स्वनियोजित व्यक्ति के प्रत्येक प्रभावित परिवार या ऐसे परिवार जिसके स्वामित्वधीन प्रभावित क्षेत्र मे गैर–कृषिक भूमि या वाणिज्यक, औद्योगिक या संस्थागत ढ़ांचा है तो ऐसे प्रभावित व्यक्ति को एक बारगी वित्तीय सहायता के रूप मे प्रोत्साहन राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रूपये) दिया जायेगा। | |
| 9. | मछली पकड़ने का अधिकार:– लागू नहीं। | |
| 10. | एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता:– | |
| | ➢ प्रत्येक प्रभावित परिवार को एक बारगी पुनर्व्यवस्थापन भत्ता के रूप में 50,000/- (पचास हजार रूपये) एक मुश्त भुगतान किया जायेगा। | |
| 11. | स्टांप शुल्क और रजिस्ट्रीकरण शुल्क:– | |
| | ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित भूमि या मकान के रजिस्ट्रीकरण के लिए संदेय स्टांप शुल्क और अन्य फीस का वहन अडानी इन्टरप्राईजेज लि0 के द्वारा किया जायेगा। ➢ प्रभावित परिवारों को आबंटित मकान के लिए भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होगी। ➢ आबंटित भूमि या मकान प्रभावित परिवार की पत्नी और पति दोनों के संयुक्त नाम में हो सकेगा। | |

3. पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी में अवसंरचनात्मक सुविधाऍं/सहुलियतें एवं संसाधान:– *RFCTLARR Act- 2013* के अनुसूची–III के अनुसार उपलब्ध कराये जायेगें।

अन्य लाभ:– उपर्युक्त मुआवजा/सुविधाओं के अलावा अन्य लाभ भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार प्रभावित परिवारों को प्रदान किया जायेगा।

ह0/–

उपायुक्त सह समुचित सरकार,हजारीबाग

PR 336488 Land Reforms(24-25).D

मेट्रो Rays आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, सोमवार, 23 सितंबर 2024
संवत 2081, आश्विन कृष्ण 6 संवत मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 19 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया
पूजा भट्ट को लेकर आलिया का बयान चर्चा में ◀◀ 6






# मुख्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग की टीम पहुंची रांची

**मेट्रो रेज**

**रांची:** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड दौरे पर आई भारत निर्वाचन आयोग की टीम रांची के रेडिसन होटल में मैराथन बैठक कर रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय दौरे पर आई चुनाव आयोग की टीम ने पहले दिन की बैठक राजनीतिक दलों के साथ शुरू की। इस बैठक में कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, आजसू समेत झारखंड के नौ राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के प्रतिनिधियों ने आयोग को एक-एक कर सुझाव दिए।

चुनाव आयोग के समक्ष प्रत्येक राजनीतिक दल के लिए 12 मिनट का समय निर्धारित किया गया। इस निर्धारित समय में राजनेताओं को आयोग को सुझाव देने थे। इस दौरान भाजपा ने जहां राज्य की गृह सचिव वंदना दादेल को चुनाव कार्य से अलग रखने की मांग की, वहीं कांग्रेस ने



उन्माद फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोकने की मांग की।

**बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द करने की मांग :** भाजपा नेता राकेश प्रसाद और सुधीर श्रीवास्तव ने आयोग को लिखित सुझाव देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में मतदाता बन चुके बांग्लादेशी घुसपैठियों का पहचान पत्र रद्द करने के अलावा पाठ त्योहार को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि घोषित करने का अनुरोध किया, वहीं चुनाव आयोग से राज्य में कम से कम चरणों में मतदान कराने का अनुरोध किया है।

भाजपा नेता राकेश प्रसाद ने गृह सचिव वंदना दादेल द्वारा हाल ही में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव आयोग को लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए आयोग के समक्ष आपत्ति जताई है। राकेश प्रसाद ने कहा कि वंदना दादेल अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक विशेष दल के लिए काम कर रही हैं।

**अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोका जाए :** कांग्रेस की ओर से विनय सिंह दीपू और शशि भूषण राय ने सुझाव देते हुए चुनाव आयोग से कहा कि अफवाह फैलाने वाले भाजपा नेताओं को झारखंड आने से रोका जाए। कांग्रेस नेता विनय सिंह दीपू ने कहा कि राज्य में 15 नवंबर के बाद चुनाव कराए जाने चाहिए क्योंकि दुर्गा पूजा, छठ और राज्य स्थापना दिवस भी इसी दौरान है, इसलिए आयोग को त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि तय करनी चाहिए। इसके अलावा कांग्रेस ने आयोग से राज्य में कम से कम चरणों में चुनाव कराने का भी अनुरोध किया है।

**कम चरणों में चुनाव कराने की मांग :** इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चुनाव आयोग को लिखित सुझाव देते हुए अनुरोध किया है कि 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को ध्यान में रखते हुए मतदान की तिथि तय की जाए। झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विधायक सुदिव्य सोनू ने आयोग के समक्ष अपने सुझाव दिए। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव के दौरान राज्य पुलिस के साथ केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति की जानी चाहिए ताकि शांति भंग न हो। सुप्रियो ने कहा कि आयोग से मांग की गई है कि जाति और धर्म को लेकर भड़काऊ भाषा के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाए और कम से कम चरणों में चुनाव कराने का प्रयास किया जाए।

आजसू की ओर से हरसाद अंसारी ने आयोग से चुनाव तय तिथि पर ही कराने का सुझाव और अनुरोध किया है और कहा कि चूंकि यह नक्सल प्रभावित राज्य है, इसलिए निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कई चरणों में चुनाव कराए जाएं। मुख्य चुनाव आयुक्त की मौजूदगी में राजनीतिक दलों के साथ बैठक के बाद आयोग ने इन सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

# रांची पहुंचे चिराग पासवान, पलामू और लातेहार में करेंगे जनसभाएं, तिरुपति प्रसाद विवाद पर जताई चिंता

**मेट्रो रेज**

**रांची:** विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार झारखंड का दौरा कर रहे लोजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं या होने वाले हैं, वहां हम अपने संगठन को मजबूत कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। पार्टी की राज्य इकाई द्वारा यह तय किया जा रहा है कि गठबंधन के तहत चुनाव लड़ना है या पार्टी के ही और इसी के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर जहां भी हमारा कार्यक्रम है, मैं आ रहा हूं।

नई दिल्ली से सुबह 9 बजे रांची पहुंचे चिराग पासवान ने एयरपोर्ट पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि आज लातेहार और पलामू में कार्यक्रम है, उसके बाद 29 को धनबाद और 6 अक्टूबर को जमशेदपुर में कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से राज्य इकाई द्वारा यह तय किया जाएगा कि



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की भूमिका क्या होगी। सीएम की टिप्पणी पर मीडिया द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव से पता चलेगा कि किसकी क्या हैसियत है। फिलहाल हम मजबूती से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

**तिरुपति मंदिर के प्रसाद को विवाद पर बोले चिराग :** तिरुपति मंदिर के प्रसाद को लेकर उठे विवाद पर चिंता जताते हुए चिराग पासवान ने कहा है कि यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा मामला है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसमें जो भी दोषी होगा, सरकार आपको आश्वस्त करना चाहती है कि उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, ताकि भविष्य में ऐसी कोई घटना दोबारा न हो।

**अमर्यादित भाषा का प्रयोग उचित नहीं :** झारखंड के एक विधायक द्वारा बिहार के लोगों के प्रति की गई विवादित टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए चिराग पासवान ने कहा कि अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना ठीक नहीं है। 20-22 साल पहले बिहार और झारखंड एक ही राज्य थे। हमारा संविधान साफ तौर पर कहता है कि वह किसी भी नागरिक को कहीं भी रहने, काम करने और कामकाज करने का अधिकार देता है, ऐसे में वही लोग ऐसी भाषा का प्रयोग करते हैं जो जातिवाद, संप्रदायवाद और क्षेत्रवाद को प्राथमिकता देते हैं।

**प्रदेश पदाधिकारियों के साथ की बैठक :** लातेहार जाने से पहले केंद्रीय मंत्री और लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने लोजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक की। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान के अलावा पार्टी के प्रदेश प्रभारी और जमुई सांसद अरुण भारती, सहप्रभारी और सांसद राजेश वर्मा आदि मौजूद थे। बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी की भूमिका और सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि आज से झारखंड में चुनावी बिगुल फूंकने के लिए लातेहार के जिला खेल स्टेडियम में चिराग पासवान की जनहुंकार रैली का आयोजन किया गया है, जिसके बाद पलामू के लेस्लीगंज के नीलांबर पीतांबरपुर में बाबा चौहरमल और पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम और जनसभा होनी है।

## पत्नी की कुदाल से मारकर की हत्या

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के जुरिया सेमर टोली गांव में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की कुदाल से मारकर हत्या कर दी है। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी वहीं बैठा रहा। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सुकरा उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त कुदाल को पुलिस ने जब्त कर लिया है। हालांकि अब तक हत्या के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस से जानकारी के अनुसार रविवार को अंगनी उरांव घर के आंगन ने बैठी थी। इसी दौरान सुकरा उरांव आया और पत्नी अंगनी के गले पर ताबड़तोड़ कुदाल से वार कर दिया। जिससे अंगनी उरांव (35 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद गांव के लोग स्तब्ध हैं।किसी को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर सुकरा ने ऐसा कदम क्यों उठाया। ग्रामीणों के अनुसार पति-पत्नी के बीच ना तो झगड़ा हुआ था और ना ही किसी प्रकार का विवाद था।

## 25 सितंबर को शपथ लेंगे झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव 25 सितंबर को शपथ लेंगे। राजभवन में राज्यपाल उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे। शनिवार को राष्ट्रपति ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में लिए गए निर्णय पर मुहर लगाते हुए जस्टिस एम एस राम चन्द्र राव को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की अधिसूचना जारी कर दी है।जिसके बाद अब उनके शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है।

## चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में परेश गट्टानी की टीम विजयी

**रांची:** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2024-25 के कार्यकारिणी समिति/क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव रविवार को गुरूनानक स्कूल में हुआ। देर रात परिणाम घोषित किया गया। मालूम हो चैंबर के 3909 मतदाताओं में 1926 मतदाताओं ने अनने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति के लिए 35 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें परेश गटानी की टीम ने विजय हासिल की है। परेश गट्टानी ने 1621 मत प्राप्त किये, वहीं सैलेंद्र सुमन ने 698 मत प्राप्त कर प्राजय हुए। परेश गट्टानी की टीम से सुनील केडिया 1255 मत प्राप्त कर प्राजय हो गये। वहीं निर्दलयी प्रत्याशी आस्था किरण 1341 मत प्राप्त कर विजयी हुई।

## बेगूसराय में बुजुर्ग के साथ दरिंदगी, पिटाई के बाद तेल छिड़क कर जिंदा जलाया

**बेगूसराय:** बेगूसराय में बुजुर्ग के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। यहां घर से बुलाकर एक बुजुर्ग शख्स की न सिर्फ जानवरों की तरह पिटाई की गई, बल्कि तेज छिड़क कर उसे जिंदा जला दिया। घटना बखरी थाना क्षेत्र के सुग्गा गांव स्थित चंद्रभागा नदी किनारे की है। मृतक की पहचान बखरी थाना क्षेत्र के सुग्गा गांव अंतर्गत वार्ड-5 निवासी करीब 61 वर्षीय बुजुर्ग फूलो महतो के रूप में हुई है।

### नीट पेपर लीक में सीबीआई का खुलासा

# ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल ने वाइस प्रिंसिपल संग रची थी प्रश्न पत्र चोरी की साजिश

**रांची :** चर्चित नीट पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई की जांच में खुलासा हुआ है कि हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल डॉ। अहसानुल हक को नीट यूजी 2024 परीक्षा के लिए हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर के तौर पर प्रतिनियुक्त किया गया था। अहसानुल हक ने उसी स्कूल के वाइस प्रिंसिपल और नीट यूजी परीक्षा के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट मोहम्मद इम्तियाज आलम और अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नीट प्रश्नपत्र चोरी करने की साजिश रची थी। सीबीआई ने बताया कि अब तक इस नीट पेपर लीक मामले में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने इस पेपर लीक के लाभार्थी उम्मीदवारों की भी पहचान कर ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के साथ उनका विवरण साझा किया है। शेष गिरफ्तार आरोपियों के संबंध में जांच और अन्य पहलुओं के संबंध में आगे की जांच जारी है। सीबीआई ने छह आरोपियों के खिलाफ नीट पेपर लीक मामले में दूसरा आरोप पत्र दायर किया है। सीबीआई ने छह आरोपियों के खिलाफ पटना में सीबीआई मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दूसरा आरोप चार्जशीट दायर किया है। जिनमें बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, सनी कुमार, डॉ। अहसानुल हक (प्रधानाचार्य, ओएसिस स्कूल, हजारीबाग और हजारीबाग के सिटी कोऑर्डिनेटर) (4) मोहम्मद इम्तियाज आलम (वाइस प्रिंसिपल ओएसिस स्कूल और केंद्र अधीक्षक), जमालुद्दीन उर्फ जमाल (एक समाचार पत्र, हजारीबाग के रिपोर्टर) और अमन कुमार सिंह शामिल है। सीबीआई ने पहले एक अगस्त को 13 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर किया था। इन सभी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसमें धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), धारा 109 (उकसाना), धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात), धारा 420 (धोखाधड़ी), धारा 380 (चोरी), धारा 201 (साक्ष्यों को गायब करना) और धारा 411 (बेईमानी से चोरी की गई संपत्ति प्राप्त करना) शामिल हैं।

# बंशीधर मंदिर पहुंचीं कल्पना, दीपिका और बेबी देवी मंईयां सम्मान यात्रा की आज से होगी शुरूआत

**गढ़वा :** मंईयां सम्मान आभार यात्रा की शुरूआत गढ़वा से करने के लिए गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन गढ़वा पहुंचीं। गढ़वा पहुंचते ही सबसे पहले मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह एवं विधायक कल्पना सोरेन ने आज गढ़वा जिला स्थित बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना की। इस दौरान सभी ने राज्यवासियों की सुख, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। बता दें कि मंईयां सम्मान योजना को मिल रही अपार लोकप्रियता और समर्थन को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मंइयां सम्मान यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। इस यात्रा की शुरूआत आज से होने जा रही है। मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह और कल्पना सोरेन के नेतृत्व में गढ़वा के बंशीधर नगर से सम्मान यात्रा की शुरूआत होगी। यह यात्रा तीन दिनों तक पलामू प्रमंडल में चलेगी। इस दौरान दर्जनों सभाएं होंगी। सोमवार को गढ़वा के बंशीधरनगर, रमना व मेराल में जनसभाएं होंगी।



## सुविचार

**कौन कहता है कि ईश्वर नजर नहीं आता, सिर्फ वही तो नजर आता है, जब कोई नजर नहीं आता**

## बेहतरी की ओर, चुनाव नतीजों का रिश्ते पर असर नहीं

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को विलमिंगट्न स्थित अपने निजी आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, वह दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री को ही नहीं, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ती करीबी को भी दिखाता है। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी हैं। जनवरी तक वहां कमला हैरिस या डॉनल्ड ट्रंप में से कोई राष्ट्रपति पद पर विराजमान होंगे। लेकिन जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, 'जब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नए-नए क्षेत्र तलाश लेते हैं' और यह भी कि 'दोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं।' दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में निरंतर सुधार की यह प्रक्रिया यूं तो 21वीं सदी की शुरूआत से ही दिख रही है, लेकिन खासकर 2006 में हुए परमाणु ऊर्जा समझौते के बाद इसमें खासी तेजी आई। उस समय से दोनों देशों में न सिर्फ राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष बल्कि सत्तारूढ़ दल भी बदलते रहे। जहां भारत में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के बाद बीजेपी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वहीं अमेरिका में जॉर्ज बुश के बाद तीन अलग-अलग राष्ट्रपति- बराक ओबामा, डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन- सत्ता संभाल चुके, लेकिन इस बीच दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर ही होते रहे। इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है। हालांकि भारत की तरफ से अभी तक इस मुलाकात की संभावना पर कुछ नहीं कहा गया है। वजह यह है कि चुनाव से पहले किसी खास दल के प्रत्याशी से पीएम मोदी की मुलाकात के गलत संकेत जा सकते हैं। और इस बात की गुंजाइश नहीं लग रही कि रिपब्लिकन और डेमोक्रैट दोनों प्रत्याशियों से पीएम मोदी की मुलाकात का मौका बन पाएगा। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध पर भारत का संतुलित रुख, क्वॉड के मंच की लगातार मजबूत होती भूमिका, चीनी आक्रामकता पर अंकुश लगाने की साझा जरूरत जैसी बातों से भी जाहिर होता है कि छोटे-मोटे तात्कालिक विवाद भले उपजते और हल होते रहें, भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते आने वाले समय में और बेहतर होने वाले हैं।

## सिक्खों की सहानुभूति बटोरने में नाकाम रहे राहुल गांधी

**लगातार** तीन बार लोकसभा चुनावों में हार के बावजूद कांग्रेस का अल्पसंख्यकों के प्रति मोह कम नहीं हुआ है। कांग्रेस ने लोकसभा सहित चार राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन में करारी शिकस्त खाने के बावजूद कोई सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस बयानों के जरिए यह साबित करने पर तुली हुई कि वह सही मायने अल्पसंख्यकों की खैरख्वाह है। ऐसी राजनीति की कीमत कांग्रेस को चुकानी पड़ी है। दो दशक पहले तक दबे-छिपे तरीके से हिन्दुओं की बात करने वाली भाजपा खुल कर सामने आ गई। इससे देश में हिन्दू-मुस्लिम मतदाताओं का स्पष्ट ध्रुवीकरण नजर आता है। अल्पसंख्यकों की हितैषी साबित करने के लिए कांगेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमरीका में सिक्खों की भारत में सुरक्षा को लेकर बयान देकर संगठन को मुश्किल में डाल दिया। पहले मुसलमानों और अब सिक्खों को लेकर दिए गए बयान से कांग्रेस भाजपा के निशाने पर आ गई। राहुल गांधी के बयान से खालिस्तान की मांग करने वाले पृथक्तावादी संगठन के प्रमुख गुरुपंत सिंह पन्नू को जहर उगलने का मौका मिल गया। राहुल गांधी ने कहा था कि वो अल्पसंख्यकों को उनका हक दिलाने और उनको बैखौफ होकर जीने की आजादी दिलाने के लिए लड़ रहे हैं, उनकी लड़ाई इस बात की है कि भारत में सिखों को पगड़ी बांधने में डर न लगे, कड़ा पहनने से कोई न रोके, वे गुरुद्वारों में बेखौफ होकर जा सकें। इसके बाद खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयान को बिल्कुल सही बताया। जो बात राहुल गांधी कह रहे हैं, वो बात पन्नू भी मानता है। राहुल और उसकी लाइन एक है। राहुल गांधी की खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तारीफ कर दी। पन्नू ने एक बयान जारी करके कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के बारे में जो कुछ बोला, उसमें खालिस्तान समर्थक संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' की बात का समर्थन है। बड़ी बात ये है कि राहुल गांधी की बात को उस सिख नौजवान भलिंदर सिंह ने भी गलत बताया जिसका नाम पूछ कर वॉशिंगटन में राहुल ने भारत में सिखों की स्थिति के बारे में गलतबयानी की थी। भलिंदर सिंह विरमानी ने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने उनका नाम पूछकर सिखों को लेकर जो कमेंट किया, वो पूरी तरह गलत था। भलिंदर सिंह ने कहा कि वो खुद भारतीय हैं, कुछ दिनों के लिए अमेरिका आए हैं, उन्होंने भारत में कभी नहीं देखा कि किसी सिख को पगड़ी पहनने या कड़ा पहनने से रोका गया हो या किसी को गुरुद्वारे जाने में कोई दिक्कत हुई हो। देश में सिक्खों को लेकर प्यू रिसर्च सेंटर की सर्वे रिपोर्ट 2021 में प्रकाशित हुई थी। प्यू रिसर्च सेंटर ने यह सर्वे 2019 से 2020 के बीच कराया था। इस सर्वे में महज 14 फीसदी सिखों ने ही माना था कि भारत में सिखों के साथ भेदभाव होता है। मगर अधिकतर सिखों का मानना था कि उन्हें भारत में कोई भेदभाव नहीं दिखता। इस रपोर्ट के मुताबिक, करीब 95 फीसदी सिख खुद को भारतीय होने पर बहुत गर्व करते हैं। इतना ही नहीं, बहुमत यानी 70 फीसदी सिखों का मानना है कि जो व्यक्ति भारत का अनादर करता है, वो सिख हो ही नहीं सकता। वॉशिंगटन डीसी में राहुल गांधी ने दुनिया भर में भारत-विरोधी प्रचार करने वाली अमेरिकी सांसद इल्हान उमर से मुलाकात की। इल्हान उमर डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता हैं, वो खुले तौर पर पाकिस्तान की हिमायती हैं, हर मंच पर भारत का विरोध करती हैं। राहुल गांधी अमेरिकी सांसदों के जिस प्रतिनिधिमंडल से मिले, उसमें इल्हान उमर को खासतौर पर बुलाया गया था। इल्हान उमर वही हैं, जिन्होंने 2022 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जाकर कहा था कि कश्मीर पर भारत का कोई हक नहीं है, भारत को कश्मीर छोड ?ा ही पड़ेगा। जून 2023 में इल्हान उमर अमेरिका की संसद में भारत के खिलाफ एक प्रस्ताव लेकर आई थीं, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्रालय से अपील की गई थी कि वह भारत को एक ऐसा देश घोषित करे जहां पर धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का हनन होता है, जहां मुसलमान सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस के नेताओं के पास इस बात का भी जवाब नहीं है कि राहुल गांधी पाकितान समर्थक इल्हान उमर से क्यों मिले? इल्हान तो हमेशा से भारत के खिलाफ रही हैं। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग माना है। अनुच्छेद 370 पर राहुल गांधी का ढुलमुल रवैया रहा है। राहुल गांधी जम्मू कश्मीर के दौरे पर पार्टी नेताओं का फीडबैक लेने पहुंचे थे, तब भी वे अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर साइलेंट मोड में दिखे थे। हालांकि कांग्रेस जिस दल के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही उसका इस मुद्दे पर मत कुछ अलग है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणा पत्र में साफ कर दिया है कि अगर हमारी सरकार बनती है तो अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली की जाएगी।

# डिजिटल वॉर से सकते में दुनिया

हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया? फिलहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन-सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुई और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपाने की संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरी जरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधने लगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित?

**ऋतुपर्ण दवे**

संचार क्रांति के दौर में चौतरफा और रोजाना नित नई तकनीकों से दुनिया रू-ब-रू हो रही है। मोबाइल, जीपीएस, इण्टरनेट, बिना ड्राइवर की गाड़ियों से लेकर अब कृत्रिम मेधा यानी एआई (आटीर्फीसियल इण्टेलीजेन्स) के युग में 1950 के जमाने में न्यूयॉर्क से निकले पेजर, 74 वर्षों के बाद पहली बार और एक साथ सीरियल ब्लास्ट में तब्दील हो जाएंगे, भला किसने सोचा था? रेडियो फ्रिक्वेंसी पर चलने वाले पेजर का क्रेज अब न के बराबर है। लेकिन किसी पकड़ या सुराग के लिहाज से बेहद सुरक्षित पेजर का उपयोग आतंकी गतिविधियों में जरूर थोक में होने लगा। इसमें न जीपीएस होता है और न ही कोई आईपी एड्रेस, इसलिए लोकेशन ट्रेस का सवाल ही नहीं। इसका नंबर भी बदला जा सकता है। इसीलिए इसका पता लगाना आसान नहीं होता। बस इसी चलते एक बड़ी साजिश को अंजाम देकर बड़े षड्यंत्र के तहत 9/11 जैसी बल्कि उससे भी बहुत बड़े दायरे में लेबनान में हर वो शख्स विस्फोट का शिकार हुआ जो साजिश के पेजर रखे था। चिन्ता की बात यह कि मामला पेजर तक नहीं रुका बल्कि रेडियो वॉकीटॉकी जैसे दूसरी कम्युनिकेशन डिवाइस यहां तक कि घरों में लगे सोलर सिस्टम भी फटने की बातें सामने आईं। धमाकों का शक इजराइल पर जताया जा रहा है। इन विस्फोटों को लेकर पूरी दुनिया हैरान है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी तनाव और बढ़ गया है। पूरे मिडिल ईस्ट में युद्ध के खतरे की स्थिति बन चुकी है। वायरलेस उपकरणों में सीरियल विस्फोटों के बाद कई घरों, दुकानों, बाइक और दूसरे वाहनों में भी आग लग गई। एक तरह से पूरा क्षेत्र विस्फोटों की जद में आ गया। वहां अब लोग इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को लेकर डरे हुए हैं। हर कोई हैरान है कि पेजर जैसा साधारण उपकरण बम में कैसे बदल गया? इसको लेकर पुख्ता तौर पर तो अभी किसी तरह की सच्चाई सामने नहीं है लेकिन विस्फोट को लेकर तरह-तरह के कयास जरूर हैं। संभावनाओं में पेजर में लगी लीथियम बैटरी शक में है जो अत्याधिक गर्म होने पर फट सकती है। लेकिन इस थ्योरी पर भी ज्यादा भरोसा नहीं है। वहीं, दूसरी दमदार संभावना साजिश के पेजरों को बनाने के वक्त ही इनमें विस्फोटक छुपाने की है जिससे सप्लायर अन्जान हो? यकीनन साजिश बहुत बड़ी रही जिसको लेकर किसी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

बैटरियों में खराबी या गुणवत्ता की कमी के चलते मोबाइल में विस्फोट तो हो जाते हैं लेकिन एक तयशुदा वक्त पर रेडियो फ्रिक्वेंसी आधारित छोटे से उपकरण में सीरियल ब्लास्ट का ट्रिगर दबना-दबाना, हैरान कर रहा है। क्या किसी कोडिंग से ऐसा हो पाया? या वजह कुछ और है? ऐसी तमाम बातों की पर्तों को खुलने में वक्त लगेगा। आखिर ऐसी कौन सी रासायनिक श्रृंखला प्रतिक्रिया को अंजाम दिया गया जो अलग-अलग और काफी दूर-दूर तक ट्रिगर में बदल गईं?

हैकर ने ट्रिगरिंग सिग्नल भेजने के लिए कौन सा तरीका अपनाया? फिलहाल केवल कयास हैं। रेडियो नेटवर्क से संचालित पेजर पर ऐसा कौन-सा सिग्नल भेजा गया जो बैटरियां गर्म हुईं और इतनी कि कथित तौर पर साथ रखे घातक विस्फोटक फटे जिन्हें लॉट विशेष में छिपाने की संभावना कही जा रही है। एक सच जरूर है कि कुछ महीने पहले थोक में खरीदे पेजर ही फटे ऐसे में उनमें खतरनाक ज्वलनशील विस्फोटक को छुपाने की थ्योरी जरूर बनती है। सच के लिए इंतजार करना होगा। लेकिन एक सवाल हर किसी के दिमाग में कौंधने लगा है कि मोबाइल या दूसरे इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स कितने सुरक्षित?

कभी लिंक क्लिक करने से खाते खाली होना तो कभी हैक हो जाना, कभी क्लोनिंग के जरिए पूरा डेटा चुरा लेने जैसी घटनाओं को लेकर दुनिया भर में सायबर सिक्योरिटी पर न केवल जोर है बल्कि पूरी गंभीरता है। इसी बीच इतना बड़ा डिजिटल अटैक बहुत बड़ी चुनौती है। इस घटना को चाहे जो नाम दें, दो देशों की दुश्मनी या दुनिया में अशांति का जिम्मेदार बताएं लेकिन इसने संचार क्रान्ति के दौर में बड़े दुरुपयोग का बहुत ही बड़ा मैसेज जरूर दे दिया। युध्द की नई तकनीक रूपी पेजर अटैक ने दुनिया भर के कम्युनिकेशन सिस्टम को बहुत बड़ी चुनौती दे डाली। छोटा सा पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जिसे बीपर भी कहते हैं, इतना खतरनाक..! बेहद हैरानी वाली बात है।

अब इसे इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर कहें, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सिग्नल का इस्तेमाल या कुछ भी, रेडियो वेव से चलने वाले हजारों पेजर्स फिर वॉकी-टॉकी और सोलर सिस्टम में थोक में हुए विस्फोट संचार क्रान्ति के लिए बड़ी चुनौती जरूर हैं। ऐसी घटनाओं की सूचनाएं कब कहां से आने लगे इसका भी डर है। दुनिया भर में घर-घर उपयोग हो रहे तमाम इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स वजह-बेवजह शक के दायरे में आ गए। यह नई चुनौती मुंह बाए एकाएक आ खड़ी हुई। क्या पता आगे ऐसे गैजेट्स को बनाने की चंद देशों की हुनरमंदी और बदनीयती दुनिया भर में नई तबाही का कारण भी बनें? भगवान करे आगे ऐसा न हो। सच में दुनिया उस मोड़ पर आ खड़ी हुई है जहां समूची मानवता पर मंडरा रहे इस खतरे से बचाव खातिर तुरंत सुरक्षित रास्ते तलाशने ही होंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# देश की जरूरत है समान नागरिक संहिता और चुनाव-सुधार

चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी महसूस करती है। सामान्यतः प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं।

**गिरीश्वर मिश्र**

गण समूह की इकाई का बोधक प्राचीन शब्द है। वह एक ऐसी इकाई जो सुपरिभाषित हो और जिसका परिगणन संभव हो। गण 'संघ' का पर्याय है और गणों का समूह भी। देवताओं में विघ्न विनाशक गणेश जी 'गणपति' के रूप में विख्यात हैं। अभी-अभी पूरे देश में उनकी वंदना का उत्सव मनाया गया। स्वयं गणपति तो सेकुलर हैं पर सेकुलर राजनीति उनको गैर-सेकुलर मानती है। भारत की संसद ने एक संविधान को अंगीकार किया जो सामाजिक विषमताओं और असमानताओं को दूर करने और नागरिक जीवन के विधिसम्मत संचालन की व्यवस्था करता है। उल्लेखनीय है कि देश की सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता और बहुलता उस समय भी मौजूद थी जब संविधान बन रहा था। परंतु उस दौरान सब के बीच देश की एकता मुखर थी और उसके प्रति एकल प्रतिबद्धता थी देश को स्वतंत्रता मिली और 'स्वराज' यानी अपने ऊपर अपना राज स्थापित करने का अवसर मिला।

स्वराज का भाव जिम्मेदारी भी सौंपता है। हमने स्वतंत्रता का स्वाद तो चखा पर उसके साथ की जिम्मेदारी उठाने में कतराते गए। देश को देने की जगह क्या क्या पा लें इस चक्कर में भ्रष्टाचार, भेदभाव, द्वेष, संघर्ष तथा अवसरवादिता बढ़ने लगी। अब नैतिक मानकों से परे हट कर धनबल, बाहुबल और जाति बल के साथ दबंग-बल राजनीति में प्रभावी हो रहा है। बेरोजगारी और मंहगाई आम लोगों के लिए विकट समस्या है। अब लोकसभा और राज्यसभा में भी अभद्र व्यवहार बढ़ रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर निरंकुश अराजकता के चलते संसद न चले यह लोकतंत्र के लिए घातक है। देश और समाज की चिंताओं पर आज सत्ता की लालसा हावी हो रही है। राजनीति कमाऊ व्यवसाय का रूप लेती जा रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश की स्वतंत्रता को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोड़ने की कोशिश की थी परंतु राजनीति आडंबरों में फँसती गई। देश और राष्ट्र की चिंता पृष्ठभूमि में जाती रही और हम भूल गए कि हम देश के ऋणी हैं। हमने उसे उपभोग की वस्तु बना दिया। पृथ्वी को मातृभूमि मान कर पुत्र की तरह उसकी सेवा सुश्रूषा और रक्षा करने की बात अटपटी लगने लगी। अपना हक जताते हुए हम दोहन करने लगे। पर 'नागरिक' होने का अर्थ सभी भारतीयों के लिए क्या हो इसे सवाल बनाया जा रहा है और सबके लिए एक नागरिक संहिता या यूसीसी को कुछ लोगों के नागरिक होने के अधिकार की स्वतंत्रता पर आघात के रूप में देखा जा रहा है। गौरतलब है कि नागरिक होने के नाते सभी भारतीय कुछ मूल अधिकारों को पाने और कुछ कर्तव्यों का पालन करने के अनिवार्य दायित्व से खुद ब खुद स्वाभाविक रूप से जुड़ जाते हैं। सामान्य जीवन निर्बाध रूप से चल सके इसके लिए एक देश में एक तरह के नागरिकता बोध को व्यवहार में लाना जरूरी है। गौरतलब है कि यूसीसी सेकुलर दृष्टि से सबको एक नागरिक का दर्जा देता है। समानता और समता के उद्देश्य को पाने के लिए यह एक निर्णायक कदम होगा।

चुनाव संसदीय प्रजातंत्र की हमारी बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था की एक बड़ी खूबी है जिसके सहारे आम जनता देश के शासन में अपनी भागीदारी मह्सूस करती है। सामान्यतः प्रदेश और देश के स्तर पर ये चुनाव पांच साल के अंतराल पर आयोजित होते हैं। आजादी मिलने के बाद दोनों साथ होते थे पर अब आज की स्थिति यह हो गई है कि इन चुनावों का केलेंडर अलग ही हुआ करता है । इन चुनावों के दौरान हो रही उठा-पटक के साथ पूरे देश का माहौल गमार्ता रहा है। चुनावी खेल का महोत्सव लगभग साल भर चलता ही रहता है और इसे देख देख जनता ऊब चुकी है और नेता गण भी थक जाते हैं । हर चुनाव कोई एक क्षणिक घटना न हो कर कुछ महीनों तक खिंचने वाली लम्बी प्रक्रिया होती है। इसमें न केवल राजनैतिक दल अपनी जोर आजमाइश करते हैं बल्कि चुनाव आयोग और सरकारी प्रशासन तंत्र को लम्बी चौड़ी व्यवस्था को भी चाक-चौबंद रखना पड़ता है। चुनाव कराने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने पर हजारों करोड़ का खर्च बैठता है जिसका भार जनता ही उठाती है। सरकार भी राजनैतिक पार्टी से जुड़ी होती है इसलिए उसके काम बाधित होते हैं खास तौर पर आचार संहिता का ग्रहण लगने पर सब काम ठप हो जाता है। चुनावी दंगल का लगातार होते रहना पक्ष और प्रतिपक्ष किसी के भी हित में नहीं दिखता।

वस्तुतः निरंतर चल रहे चुनाव का खामियाजा देश में हर किसी को भुगतना पड़ता है। सरकारी काम का हर्जा तो होता ही है सरकारी खर्च बढ़ता है, महंगाई बढ़ती है और साथ में प्रशासनिक मुश्किलें भी बढ़ती हैं। परन्तु इन सबसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण यह है की सतत चुनाव के चलते राजनैतिक राग-द्वेष की सतत गूंज सामाजिक परिवेश को प्रदूषित करती है । राजनैतिक दल एक दूसरे पर सच्चे झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने पर उतारू रहते हैं। मीडिया चुनावी घमासान में इस कदर मशगूल होता है कि और सारे मुद्दे धरे रह जाते हैं। चुनाव कहीं भी हो मीडिया का खटराग पूरे देश को जगाए रखता है। अपने -अपने पक्ष में सत्य रचने की कवायद देख-देख जनता बुरी तरह थकती जा रही है। पार्टियों की बढती प्रतिद्वंदिता के चलते प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच खतरनाक हद तक पहुँच जाते हैं। अपनी बढत के लिए कुछ भी करने पर लोग आमादा रहते हैं। लगातार बजती चुनावी घंटी बजते सुन आम आदमी की मुश्किलें कई तरह से बढ़ती हैं। थकान के बीच उसकी बढ़ती चुनावी उदासीनता प्रजातंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होगी। लोक सभा और प्रदेश की विधान सभाओं के चुनावों के अलग -अलग आयोजित होने का एक अनपेक्षित किन्तु देश के लिए निश्चित रूप से एक अहितकर परिणाम यह होता है कि स्थानीय मुद्दों और समग्र देश के लिए सोचने के बारे में अस्पष्टता रहती है। अतः राजनैतिक दलों को इस विकल्प पर गम्भीरता से विचार करना चाहिए कि देश में लोकसभा और प्रदेशों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं। इससे राजनीति में जन भागीदारी बढ़ेगी, चुनावी खर्च भी कम होगा और प्रशासनिक तंत्र के लिए भी सुविधा होगी। यह चुनावी बेहद सुधार जरूरी है। राजनीति में शुचिता लाए बिना देश की तरक्की को गति नहीं मिल सकती न ही जन कल्याण का वह स्वप्न ही पूरा हो सकेगा।

भारत का संविधान एक अद्भुत राष्ट्रीय दस्तावेज है जो अपनी विशालता और आन्तरिक संगठनात्मक परिपक्वता की दृष्टि से अन्य देशों के संविधानों की अपेक्षा अधिक व्यवस्थित माना जाता है। यह संविधान सरकार को संचालित करने और देशवासियों को नागरिक की हैसियत से आचरण करने के लिए मुख्य नियामक के लिए नियामक है । इसके साथ चलते हुए देश ने अब तक सात दशकों की लम्बी यात्रा पूरी की है। उल्लेखनीय है कि देश की परिस्थितियों के लिए अनुकूल व्यवस्था बनाने के लिए संविधान में पिछले सात दशकों में अब तक सौ से ज्यादे संशोधन हो चुके हैं । बदलत्ती स्थितियों में नियम कानून में भी बदलाव जरूरी हो जाता है। मानवीय गरिमा , समानता और स्वतंत्रता के लक्ष्य पाने के लिए नैतिक सोच जरूरी है। ह्यदेश में ही जनता भी रहती है और राजनीति करने वाले भी । दोनों ही 'देश' की स्थिति को लेकर चिंतित रहते हैं और यह होना भी चाहिए। पर वास्तविकता कुछ और ही होती है। अलग अलग राय देते हुए भी सभी राजनीतिक दल देश के हित की दुहाई देते नहीं अघाते। हमारे माननीय जन प्रतिनिधियों पर बड़ी जिम्मेदारी है की छद्म आचरण छोड़ कर जनता के भरोसे का आदार करें और देशहित को आगे रखेंगे। देश के रहने या होने पर ही सभी हैं और सब कुछ है। अनपढ़ भारतीय के भी मं के किसी कोने में यह विश्वास जीवित है कि राजनीति स्वभाव से ही लोक हित के लिए समर्पित होती है ( या होनी चाहिए ) । इस हिसाब से राजनेता जनता का हिस्सा होता है, ऐसा हिस्सा जो जनता का हित साध सके। आशा है नेतागण इस भरोसे को नहीं तोड़ेंगे और जनहित में फैसले लेंगे। अंतत देश की उन्नति से ही उनका भी भला होगा।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# भगवान शिव के ये 6 अद्भुत रहस्य

**अध्यात्म**

शिव पुराण में भगवान शिव को देवों का देव अर्थात महादेव कहा गया है। भगवान शिव को सृष्टि का संहारक भी कहा जाता है लेकिन संहारक का अर्थ यहां केवल सृष्टि के अंत से नहीं है बल्कि सृजन की प्रक्रिया से है। जब-जब पाप धरती पर हावी हो जाता है और मनुष्यता का अंत होने लग जाता है, तो धरा को नवजीवन की आवश्यता होती है, ऐसे में धरती के सृजन के लिए भगवान शिव संहारक की भूमिका निभाते हुए सृष्टि का संहार करते हैं। इसके बाद ब्रह्मा धरा का सृजन करते हैं और फिर भगवान विष्णु जगत के पालनहार की भूमिका निभाते हैं। बात करें, भगवान शिव के जीवन की,तो महादेव के बारे में कहा जाता है कि शिव समस्त मोह-माया से दूर रहकर भी संसार से प्रेम करते हैं। कुछ पौराणिक कहानियों में महादेव को निमोर्ही भी कहा गया है। आइए, जानते हैं भगवान शिव के जीवन के 6 अद्भुत रहस्य, जो आपको कलियुग के कई सवालों के जवाब देकर आपको जीवन को समझने में मदद करेंगे। इन रहस्यों में जीवन के ऐसे उत्तर छुपे हैं, जो जीवन के प्रति आपको एक उम्मीद भी देंगे।

भगवान शिव के भक्तों में हर जीव शामिल हैं। मनुष्य, जीव-जंतु, असुर, दानव, प्रेत-आत्मा भगवान शिव के भक्त हैं लेकिन भगवान शिव के लिए सभी भक्त समान है। प्राकृतिक तरीकों से कैलाश पर्वत पर रहने वाले नंदी महाराज भी भगवान शिव के भक्त हैं और सोने की लंका का राजा यानी लंकापति रावण भी भगवान शिव का भक्त है। भगवान शिव के लिए केवल अपने भक्तों से मिलने वाला प्रेम और समर्पण भाव ही महत्व रखता है। उन्हें किसी भी भक्त के रहन-सहन और धन-वैभव से कोई मतलब नहीं है, उनके लिए सब समान है। कलियुग में भी हर मनुष्य को किसी भी अन्य मनुष्य के व्यवहार, व्यक्तित्व और विचारों को ही महत्व देना चाहिए न कि उनके वैभव या सांसरिक छवि को सबसे पहले रखना चाहिए। भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए भी कहा जाता है कि क्योंकि भगवान शिव सांसरिक बातों से कहीं ऊपर हैं। भगवान शिव न ही अपनी प्रशंसा से अभिभूत होते हैं और ना ही उन्हें आलोचना ही विचलित कर पाती है। भगवान शिव का स्वभाव जल की तरह शीतल यानी धैर्यशील है। वे मौन रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करते हैं। कलियुग में भी हमें यही सीख मिलती है कि हमें प्रशंसा और आलोचना से ऊपर उठकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करना चाहिए। भगवान शिव हर जीव की मनोकामना पूरी करते हैं।

## हेल्थ टिप्स

### 20 मिनट कसरत करना जरूरी

**हाल** ही में लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। यह रिपोर्ट 197 देशों के लगभग 57 लाख लोगों की है और इसमें यह बताया गया है कि हमारे देश के लगभग 50 प्रतिशत लोग बहुत कम शारीरिक परिश्रम करते हैं। इनमें लगभग 42 प्रतिशत महिलाओं और 57 प्रतिशत पुरुषों को आलसीपन की श्रेणी में रखा गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार हर व्यक्ति को लगभग 20 मिनट कसरत करने की जरूरत होती है।

आलस्य बहुत सी जानलेवा बीमारियों को भी दावत देता है, जिनमें मुख्यतः मोटापा, डायबिटीज, हार्ट, बीपी आदि बीमारियां हैं। इसमें कोई शक भी नहीं है कि हमारे देश में इन बीमारियों के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी हैं।

**कन्हैया प्रसाद, धुर्वा**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# डॉक्टरों का हड़ताल, निजी अस्पताल के भरोसे मरीज

मेट्रो रेज




**साहिबगंज :** डाक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद रविवार को मरीजों की संख्या में भारी कमी आने लगी है लोग सदर अस्पताल छोड़ मेडिकल एवं निजी क्लीनिक के तरफ रूख करने लगे हैं। रविवार को सदर अस्पताल में डाक्टर की इमरजेंसी सेवा छोड़ बाकी सब सेवाएं लगभग बंद रहते हैं। इमरजेंसी सेवा में ड्यूटी में तैनात डाक्टर पिंकू चौधरी ने बताया कि इक्का दुक्का को ही लौटाया गया है बाकी जितने भी आए हैं सभी को देखा गया है और वैसे भी अन्य दिन के मुकाबले मरीज काफी कम पहुंचे है।ज्ञात होकि बीते दिनों पहले मंड़रो प्रखंड के सिमरिया गांव की नौ वर्षीय बच्ची की मौत हुई थी ।इस मामले में जिला प्रशासन की गठित टीम ने जांच के बाद चिकित्सकों पर कार्रवाई कि अनुशंसा किया था। जिसके बाद चिकित्सकों के ऊपर की गई कार्रवाई के विरोध में झांसा और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के निर्देश पर सभी चिकित्सकों ने दो दिनों तक काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया फिर बुधवार से ओपीडी सेवा अनिश्चितकालीन बाधित कर दिया।

## एक सुखे कुएं में गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखण्ड अंतर्गत बड़ा राक्सो पंचायत का ढुढ़वा गाँव का परगाना टोला में एक सुखे कुएँ में गिरकर दो युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ढूढ़वा गाँव निवासी मनोज मरांडी(20)अपने बैल को ढूढने के लिए घर के पीछे जा रहा था। युवक फोन पर किसी से बात करते हुए जंगल की जा रहा था। इसी क्रम में पुराने सूखे कुएं में गिर गया।जिसके बाद युवक कुएं के नीचे बेहोश हो गया।युवक को बचाने के लिए गाँव के ही एक युवक गांगू पहाडिया 17 रस्सी के सहारे कुएं के नीचे उतरने का प्रयास किया।नीचे उतरते ही गांगू पहाडिया भी बेहोश हो गया।जिसके बाद ग्रामीणों को कुएं के अंदर जहरीली गैस होने की जानकारी हुई।जिसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना सांसद प्रतिनिधी स्टीफन मुर्मू व बोरियो पुलिस को दी।सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनीधी स्टीफन मुर्मू अपने अपने छःसहगियों के साथ पहुंचे।स्टीफन मुर्मू के साहसिक और उनके सहयोगियो और ग्रामिणों के सहयोग से गांगू पहाड़िया को कुएँ से बाहर निकाला गया।तब तक थाना प्रभारी पंकज वर्मा अपने दलबल के साथ घटनास्थल पहुँचे।जिसके बाद कुएं से जहरीले गैस खत्म करने के लिए पानी मे चुना का घोल बना कर कुएं में डाला गया।जिसके बाद धीरे धीरे दोनो युवक को होश आने लगा।इस पुरे अभियान में झामुमो नेता स्टीफन मुर्मू और उनके समर्थक मंजु करण मराण्डी,प्रबोध हॉसदा, बाबूलाल हॉसदा,पौलुस मुर्मू, खिस्टा सोरेन,जार्ज मराण्डी सहित अन्य लोगों ने रस्सी के माध्यम से दोनो युवक को कुएं से बाहर निकालने में सहयोग किया।जिसके बाद दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## परिवर्तन यात्रा रथ का भाजपा महिला जिला अध्यक्ष ने किया स्वागत



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** भोगनाडीह से आरंभ हुआ भाजपा का परिवर्तन रथ यात्रा शनिवार की देर शाम बोआरीजोर,महगामा, मिजाचौकी बाजार से साहिबगंज पहुंची।जहां भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गरिमा साह के नेतृत्व रथ का स्वागत किया।साथ ही बहनों के द्वारा इकट्ठा किया गया माटी और चावल सौंप कर राज्य में परिवर्तन कर भाजपा सरकार बनाए और बेटी रोटी और माटी की रक्षा करे,ऐसा संकल्प करवाया।महिला जिला अध्यक्ष गरिमा साह ने कहा कि चुनावों से पहले हेमंत सोरेन ने जनता को कई प्रलोभन दिए थे,जैसे कि पांच लाख नौकरियां,बेरोजगारी भत्ता और महिलाओं को ढाई हजार पेंशन,लेकिन,सत्ता में आने के बाद इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार उन लोगों के हाथों में है,जो झारखंड के हितैषी नहीं हैं।मौके पर रूपम कुमारी,ज्योति शर्मा,ममता गुप्ता, राखी शर्मा,पिंकी मुर्मू,अंकिता झा सहित अन्य माता और बहने उपस्थित थी।

# भाजपा परिवर्तन संकल्प यात्रा में भाजपाइयों ने हेमन्त सरकार पर बोला हमला

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा साहेबगंज से 20 सितंबर को शुरू हुआ था। परिवर्तन यात्रा का आज तीसरा दिन उधवा प्रखंड से होकर दिग्घी फाटक होते हुए बरहरवा शहर में एंट्री किया ।बरहरवा स्टेशन चौक होते हुए पतना चौक तक कार्यकताओं ने रैली में शामिल होकर पूरे गर्मजोशी से परिवर्तन यात्रा में अपना सहयोग दिया , परिवर्तन यात्रा के रथ में मुख्य रूप से राजमहल के लोकप्रिय विधायक श्री अनंत कुमार ओझा , ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो , साहिबगंज जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, पाकुड़ विधानसभा प्रभारी निवास मंडल मौजूद रहे, बरहरवा मुख्य बाजार स्टेशन चौक से होकर पतना चौक तक भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद , नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा बरहड़वा शहर , शहर के जनता ने अपने घरों के छत से पुष्प वर्षा कर परिवर्तन यात्रा को सफल बनाया , साथ ही साथ कई नौजवान बुजुर्ग ने अपना समर्थन कर नेताओं को माला पहनकर स्वागत किया, नेताओं ने अपने संबोधन में यह बताया कि वर्तमान की सरकार हेमंत सोरेन निकम्मी सरकार है यह सिर्फ तुष्टिकरण के राजनीतिक करती है , हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव में बेरोजगारों को रोजगार , 5 लाख सरकारी नौकरी ,बेरोजगारी भत्ता और न जाने तरह-तरह के झूठी झूठी सपने दिखाकर लोगों को ठगने का काम किया , परिवर्तन रथ यात्रा में प्रदेश के पूर्व महामंत्री श्री कमल कृष्ण भगत ने अपने संबोधन में यह बताया कि यह सरकार निकम्मी है और इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए हमें आप लोगों का पूरा समर्थन चाहिए , आप लोग इस बार के चुनाव में कोई भी तरह गलती ना करते हुए सिर्फ और सिर्फ भाजपा को ही अपना वोट करें ।स्टेशन चौक में कमल कृष्ण भगत ने हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ जमकर बरसे और वर्तमान सरकार की नाकामियों को उजागर किया ,परिवर्तन यात्रा रैली में बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता,कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद , पतना मंडल अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल , पाकुड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभू नंदन भगत , बरहरवा वरीय नेता पांचू सिंह , छट्ठू साहा , अनुभव भगत , रविन्द्र कुमार , भरत साहा , रामप्रसाद रविदास सहित हजारों ऊजार्वान कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# एचआईवी संक्रमण से बचाव को लेकर नुक्कड़ नाटक कर लोगो को किया जागरूक

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** स्वास्थ्य विभाग ने साहिबगंज सदर प्रखंड के अस्पताल एवं रेलवे स्टेशन प्रांगण में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने लोगों को एचआईवी संक्रमण और उसके बचाव के बारे में जानकारी दिया।आमलोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक करने व एड्स संक्रमित लोगों को अस्पताल के आईआरसीटीसी सेंटर में नियमित जांच की सलाह दिया।किस प्रकार व्यक्ति एचआईवी ग्रसित हो जाता है। क्या-क्या सावधानी रखनी चाहिए।नुक्कड नाटक के माध्यम से बताया की एड्स हाथ मिलाने, साथ खाने व एक दूसरे का कपड़ा पहनने से नहीं फैलता। यह असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होती है। जिस महिला को एचआईवी पॉजिटिव है उसके रक्त का प्रयोग करने, एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने, एचआईवी सुई का प्रयोग दूसरे समान व्यक्ति में करने से एड्स होने की संभावना होती है।उसके प्रति जो समाज में गलतफहमी फैली हुई है, उन्हें इस नाटक के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के अंत में संस्था के आउटरीच वर्कर सुमन कुमारी एवं आईसीटीसी के बसंत महतो ने लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है।संयम और समझदारी से ही एड्स से बचाव संभव, इससे बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता है।

## रसोईया संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा मांग पत्र

मेट्रो रेज

**लातेहार:** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका संघ के प्रतिनिधि रविवार को शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से उनके आवास पर मिले। वहां उन्होंने विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल देवी केसरी मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि गांव की गरीब, आदिवासी, दलित, पिछड़ी जाति की महिला सरकारी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालय में 2014 से कार्य कर रही हैं। लेकिन रसोईया को एक दिन में मात्र 66।66 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी दिया जा रहा है। जबकि संयोजिका को सरकार फ्री में काम करा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार के साथ कई बार वार्ता हुई, लेकिन मांग पूरी नहीं हुई। कहा कि सरकार से संघ के आठ सूत्री मांग पर विचार करने की बात कही है। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनीता देवी केसरी ने कहा कि संयोजिका व रसोइया की मांगों पर सरकार को विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मांगों पर सरकार विचार नहीं करती है, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। रसोईया संघ के आठ सूत्री मांगों म रसोईया, संयोजिका को स्थाईकरण, न्यूनतम वेतन, पांच लाख का बीमा, दो सेट साड़ी, निशुल्क बीमा, पेंशन स्कीम से जोड़ा जाए, काम करने के दौरान चोट लगने पर इलाज की व्यवस्था आदि मांग शामिल हैं।

## रामपुर में बाढ़ के पानी में बहते गाय को बचाया



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव लगातार दूसरे दिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा ले रहे है। सोमवार को उन्होंने रामपुर में बाढ़ के पानी में बहते फसे गाय को बचाया और उसे सुरक्षित स्थानों में काफी मसक्क्त के बाद लेकर गए। वही कई जगह से पशुओं को सुरक्षित स्थान में ले जाकर बांधा निकाला। उन्होंने जिला प्रशासन व राज्य सरकार से त्वरित राहत बचाव कार्य करके पशुओं को पानी से निकालकर सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने, पशु चारा का व्यवस्था करने, राहत बचाव कार्य करने, मनुष्य को बाढ़ राहत सामग्री पहुंचाने का मांग किया। वही बाढ़ प्रभावित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बड़ा नाव, मोटर बोट आने जाने के लिए उपलब्ध कराने का मांग किया।

# सभी वर्गों में झामुमो के प्रति रुझान बढ़ा : मिथिलेश ठाकुर

मेट्रो रेज



**पलामू :** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत बेलचम्पा पंचायत के अम्बेडकर युवा विकास समिति अध्यक्ष शंभू राम व समिति के पूर्व अध्यक्ष कन्हाई राम झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए। वर्तमान राज्य सरकार तथा गढ़वा विधायक पेयजल मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर के ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर इन्होंने मंत्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री ठाकुर की जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लेते हुए इन्होंने दूसरी कोई भी पार्टी में शामिल नहीं होने का वादा किया। मंत्री ने इन्हें माला व पार्टी का पट्टा पहनकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। ठाकुर ने कहा कि झामुमो ही संपूर्ण झारखंडियों की अपनी पार्टी है। झामुमो में ही सभी तबके के लोगों को उचित मान, सम्मान एवं पूरा हक,अधिकार मिलता है।

मंत्री ने कहा कि गांव से लेकर शहर तक आज सभी क्षेत्रों में महिला, पुरुष, युवा, विद्यार्थी सभी वर्गों के लोगों में झामुमो के प्रति रुझान बढ़ा है। पिछले साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में हुए बेहतर विकास कार्यों से सभी लोगों को यह भरोसा हो गया है कि झामुमो के सिवा दूसरी कोई भी पार्टी राज्य एवं राज्य वासियों का भला नहीं कर सकती है। हेमंत सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रखकर सारी योजनाएं चला रही है। सरकार के कार्यों का महिला, पुरुष, युवा, खिलाड़ी, किसान, गरीब, मजदूर सभी वर्ग के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का सहयोग एवं आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो राज्य में अगली सरकार भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही बनेगी।

## न्यूज IN ब्रीफ

### उत्पाद विभाग सिपाही बहाली के एक और अभ्यर्थी की मौत

**साहिबगंज :** उत्पाद विभाग सिपाही बहाली में जैप-09 में दौड़ लगाने वाले एक और अभ्यर्थी की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को हुई दौड़ में रामगढ़ निवासी अभ्यर्थी अनूप बेदिया की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए उसी दिन सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के मालदा ले जाया गया था। जहां दिशहरी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इधर इलाज के दौरान उसकी 10 दिन के बाद रविवार को मौत हो गई। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि परिजन उसका इलाज मालदा के अस्पताल में करा रहे थे। जहां उसकी मौत हो गई है।

### सरकार पर जमकर बरसे राजमहल विधायक अनंत ओझा



**साहिबगंज/बरहरवा :** बिंदुधाम मंदिर प्रकरण में पिछले दिनों कथित रूप से आभूषणों की हेरा फेरी मामले के आरोप में रांगा थाना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह अनुराग आनंद की थाना कस्टडी में ही बेरहमी से जमकर पिटाई किये जाने मामले में रविवार कों भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान राजमहल विधायक अनंत ओझा ने प्रसाशन पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा की वर्तमान हेमंत सरकार में पुलिस प्रसाशन बेलगाम हो गई हैं. जिस तरह पुलिस प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसी राष्ट्रवादी पार्टी के कार्यकर्त्ता व बरहरवा के एक विशेष समाज के व्यक्ति अनुराग आनंद की क्रूरता के साथ पिटाई की हैं।इसमें भाजपा चुप नहीं बैठेगी. इस मामले में अनुराग कों न्याय दिलाने के लिए भाजपा सड़क से लेकर मुख्यमंत्री आवास तक आंदोलन करेंगी. उन्होंने बिंदुधाम मंदिर में कब्जा किये जाने की बात कों भी उठाया।कहा की बिंदुधाम मंदिर यहां के लोगो के लिए आस्था का केंद्र हैं। लेकिन हेमंत सरकार प्रसाशन के सहयोग से मंदिर में भी कब्जा करवा रही हैं। जिसे भाजपा कतई बर्दास्त नहीं करेंगी।

### हथियार के बल पर दिन-दहाड़े अपराधियों ने की एक व्यवसायी से आठ लाख की लूट

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के एक किराना व्यवसायी से पश्चिम बंगाल में लाखों की छिनतई हो गई। घटना फरक्का थाना अंतर्गत तिल डांगा घोरईपाड़ा के बीचों बीच मुख्य सड़क पर शाम करीब 5 बजे घटित हुई है। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक से फरार हो गए। जबकि एक अपराधी पकड़े गए है। पकड़े गए एक अपराधी को फरक्का पुलिस के हवाले कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश मदीया निवासी रिजाउल शेख शनिवार को फरक्का से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। तभी तिलडांगा व घोराई पाड़ा के बीच सड़क पर पूर्व से घात लगाए करीब आठ से दस की संख्या में हथियार से लैस अपराधियों ने बाइक सवार युवक को चारों ओर से घेर लिया और उसके साथ मारपीट किया। मारपीट कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया और उसके गले से ढाई सौ ग्राम के चांदी का चेन व नगदी आठ लाख रुपए की छिनतई कर लिया। सड़क पर राहगीरों को आता देख सभी अपराधी मौके वारदात से फरार हो गया। जबकि एक अपराधी को राहगीरों के द्वारा पकड़ लिया गया। घटना की सूचना फरक्का पुलिस को दी गई। उधर फरक्का पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पकड़े गए एक अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। इस संबध में किराना व्यवसायी रिजाउल शेख ने बताया कि वे दुकान का सामान लाने कालियाचक गया था। वापस घर लौटने के दौरान आठ से दस लोगों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट किया और नगदी आठ लाख रुपए व चांदी का चेन छीन लिया।

### नाबालिग के साथ छेड़खानी मामले के आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना पुलिस ने रविवार को छेड़खानी मामले के फरार आरोपित के घर पर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस के मुताबिक बीते दिन पतौड़ा झील घूमने गई एक नाबालिग लड़की के साथ बाग पिंजरा गांव के गुलाम रब्बानी,अनवर शेख, नईम शेख व लहीटोला निवासी रिंटू शेख के द्वारा छेड़खानी की गई थी। मामले को लेकर थाना कांड संख्या 115/24 के पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस दौरान केस के अनुसंधानकर्ता थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि राजमहल व्यवहार न्यायालय ने उक्त कांड के आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर वारंट निर्गत किया है। साथ ही कहा कि उक्त आरोपी पुलिस के पहुंच से दूर है। आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इस दौरान न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में पुलिस ने आरोपित के घर इश्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। आगे कहा कि उक्त आरोपित के आत्मसमर्पण नही करने पर न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

### शिवम हत्याकांड का खुलासा, दादा निकला हत्यारा

**पलामू:** हुसैनाबाद के होल्या गांव निवासी अंकुश कुमार सिंह के आठ वर्षीय पुत्र शिवम कुमार का शव 19 सितंबर को गांव के आहर में मिला था। जिसे लेकर शिवम की माता खुशबु देवी के फर्द बयान के आधार पर हुसैनाबाद थाना में शिवम के दादा कपिलदेव सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि शिवम को कपिलदेव ने 19 सितंबर की शाम में हत्या कर देने के संबंध में हुसैनाबाद थाना में अंकित किया गया था। वहीं कांड के खुलासे एवं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल ने औरंगबाद (बिहार) से हत्या के फरार अभियुक्त कपिलदेव को गिरफ्तार कर लिया। छापामारी दल में मुकेश कुमार महतो एसडीपीओ, हुसैनाबाद के नेतृत्व में संजय कुमार यादव थाना प्रभारी हुसैनाबाद, पुअनि अनन्त कुमार सिंह, हुसैनाबाद थाना (अनुसंधान कर्ता), सशस्त्र बल हुसैनाबाद थाना शामिल थे। घटना स्थल से बरामद समाग्री में मृतक का चप्पल, अभियुक्त का चप्पल व मृतक का साईकिल शामिल है।



# पूजा भट्ट को लेकर आलिया का बयान चर्चा में

**बॉलीवुड** कलाकार लगातार किसी न किसी वजह से खबरों में बने रहते हैं। कभी फिल्मों में अपने किरदारों को लेकर, कभी सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट तो कभी अपने बयानों को लेकर ये कलाकार चर्चा का हिस्सा बन जाते हैं। अब एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी बहन को लेकर दिए बयान को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। आलिया भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि वह कौन से टीवी शो देखना पसंद करती हैं। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान, मुझे नेटफ्लिक्स पर डेटिंग शो 'टू हॉट टू हैंडल' देखने की आदत हो गई और अब यह शो मेरे जीवन का हिस्सा बन गया है। आप मुझसे कह सकते हैं कि आप इस तरह के शो देखने के बजाय फिल्में देखते हैं, ताकि आप एक्टिंग के बारे में कुछ सीख सकें लेकिन, ईमानदारी से कहूं तो मुझे पैरों पर वैक्सिंग कराते हुए यह शो देखना पसंद है। जब मैं दिन में



बहुत थक जाती हूं तो दिन के अंत में यह शो देखना पसंद करती हूं। मैं इस शो को देखने की आदी हूं। उन्होंने आगे कहा कि जब मेरी बहन पूजा भट्ट ने बिग बॉस ओटीटी में भाग लिया, तो मैं बिग बॉस देखा करती थी। मैं अपनी शूटिंग और काम के दौरान बिग बॉस लाइव देखा करती थी। इसलिए मुझे अपनी बहन के बारे में नई बातें देखने को मिलीं। उनके बारे में नए पहलुओं को समझने का मौका मिला। इसलिए बिग बॉस लाइव देखना बहुत अच्छा था। आलिया भट्ट अपनी फिल्मों के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। अक्सर वह अपनी बेटी राहा के कारण चचाओं का हिस्सा बन जाती हैं। राहा हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचती हैं। जब रणबीर और आलिया ने पहली बार उनका चेहरा सबके सामने दिखाया तो प्रशंसकों ने कहा कि वह अपने दादा दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर की तरह दिखती हैं। आलिया भट्ट के काम की बात करें तो वह इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'जिगरा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 11 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। करण जौहर इस फिल्म के निमार्ता हैं। 'जिगरा' के बाद आलिया भट्ट संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। अब ये देखना अहम होगा कि आलिया की फिल्म 'जिगरा' दर्शकों को कितना प्रभावित कर पाएगी।




# रामगोपाल वर्मा की फिल्म 'साड़ी' का सॉन्ग 'आई वांट लव' हुआ रिलीज

**राम गोपाल** वर्मा की फिल्म 'साड़ी' के गीत 'आई वांट लव' का लिरिकल वीडियो आउट कर दिया गया है जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस गाने का संगीत डीएसआर बालाजी ने कम्पोज किया है वहीं गीतकार नितिन रायकवार हैं जिन्होंने आती क्या खंडाला सॉन्ग लिखा था और रामगोपाल वर्मा की कई फिल्मों के गीतकार रहे हैं। इस मधुर गीत की गायक कीर्तना सेश हैं। आरजीवी आरवी प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म साड़ी की टैगलाइन है 'बहुत अधिक प्यार डरावना हो सकता है।' कई सच्ची घटनाओं पर आधारित इस साइक्लोजिकल थ्रिलर फिल्म के निमार्ता रवि वर्मा, निर्देशक गिरि कृष्ण कमल हैं। यह फिल्म एक लड़की के लिए एक लड़के के पागलपन भरे जुनून की कहानी है, जो डरावना हो जाता है। सत्या यादव ने उस लड़के की भूमिका निभाई है जो आराध्या देवी अभिनीत एक लड़की को देखता है और उसका पीछा करना शुरू कर देता है और उसकी भावनाएं धीरे-धीरे खतरनाक हो जाती हैं। फिल्म साड़ी के टीजर को सोशल मीडिया पर बहुत पसन्द किया जा रहा है। इसे कुछ दिनों में मिलियन व्यूज मिल गए हैं। टीजर देखकर रामगोपाल वर्मा स्टाइल के सिनेमा की याद आ जाती है। थ्रिल, डर, ट्विस्ट से भरपूर यह फिल्म नवंबर में 4 भाषाओं हिंदी, तेलुगु, तमिल और मलयालम में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## शकीरा ने छोड़ा मंच जब लोगों ने उनकी ड्रेस के नीचे से उनका वीडियो बनाने की कोशिश की

अंतर्राष्ट्रीय गायिका शकीरा ने LIV मियामी में एक अनुचित घटना के कारण अचानक मंच छोड़ कर सुर्खियाँ बटोरीं। 'हिप्स डोंट लाइ' स्टार को सोलटेरा गाने पर नृत्य करने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया था, लेकिन जब उन्होंने देखा कि भीड़ में कुछ लोग उनकी ड्रेस के नीचे से वीडियो बना रहे हैं, तो उनका प्रदर्शन बाधित हो गया। 47 वर्षीय गायिका, शकीरा, मियामी के



छक्ष में अपने नए गीत 'सोल्टेरा' के लिए मंच पर डांस कर रही थीं, जब उन्होंने देखा कि दर्शक उनकी स्कर्ट के नीचे फिल्मा रहे हैं. इस पर शकीरा ने नाराजगी व्यक्त की और दोनों हाथों से अपनी स्कर्ट पकड़कर प्रशंसकों की ओर इशारा किया. फिर उन्होंने डांस जारी रखा लेकिन फिर से प्रशंसकों की ओर मुड़कर अपना हाथ हिलाया. इसके बाद, शकीरा ने मंच छोड़ दिया और उन्हें वीआईपी क्षेत्र में सुरक्षा और प्रशंसकों द्वारा अभिवादन किया गया. शुरूआत में शकीरा ने उनसे ऐसा करने से मना किया और अपनी निजता की रक्षा के लिए बार-बार अपनी ड्रेस को ठीक किया। उनके अनुरोध के बावजूद, समूह ने अपनी हरकतें जारी रखीं, जिससे उन्हें मंच छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा.

# २४ कैरेट सोने की मणिपुरी कुमिन मेइतेई पोशाक पहनने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनी उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला कई प्रतिभाओं की एक दिवा हैं और वर्तमान में, वह भारत की सबसे सम्मानित, प्रिय और आश्चर्यजनक प्रदर्शन करने वाली कलाकार हैं. जहां तक अभिनय प्रतिभा और क्षमता का सवाल है, हम सभी इस तथ्य को अच्छी तरह से जानते हैं कि पिछले कुछ वर्षों से उर्वशी रौतेला सचमुच देश की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्री के रूप में उभरी हैं. वास्तव में, केवल भारत में ही नहीं, उर्वशी और उनकी फैन फॉलोइंग की पूरी दुनिया में कोई सीमा नहीं है और यही कारण है कि उत्तराखंड की शाही सुंदरता ने अपने अधिकार पर मुहर लगाकर वैश्विक स्तर पर देश को गौरवान्वित करने में कामयाबी हासिल की है. उनके व्यस्त और विनाशकारी कार्यक्रम को देखते हुए, यह हर दिन नहीं होता है कि उन्हें शानदार रैंप शो का हिस्सा बनने का मौका मिलता है. एक बार फिर, मणिपुर में हाल के एक फैशन के दौरान, उर्वशी ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित करते हुए इसी तरह का प्रभाव पैदा करने का प्रयास किया.

वैश्विक सुपरस्टार अब आधिकारिक तौर पर शोस्टॉपर के रूप में वास्तविक 24 कैरेट सोने की मणिपुरी कुमिन मेइतेई पोशाक पहनने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं और ठीक है, जिस तरह से उन्होंने अपने 'पोटलोई क्वीन' अवतार को खींचा वह बस सनसनीखेज है. उर्वशी ने एक शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया जैसे कि वह उस गूढ़ और असली पोटलोई पोशाक में हैं और अच्छी तरह से, उनकी सुंदरता, उनकी सौम्य शैली और सुंदरता के साथ उनकी सुंदरता उन्हें सभी सही कारणों से एक बार फिर 'राष्ट्रीय क्रश' बनाती है. जो बात इस मील के पत्थर को और भी खास बनाती है, वह यह है कि उन्होंने वास्तव में बुखार से जूझते हुए पूरे शो को बंद कर दिया क्योंकि वह अपनी काम की प्रतिबद्धताओं को बहुत गंभीरता से लेती हैं और उनके लिए व्यावसायिकता सबसे अधिक महत्वपूर्ण है. वह हर तरह से एकदम सही है, चाहे वह जिस तरह से चलती है या जिस तरह से वह बोलती है और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है, उसने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह भारतीय की आधुनिक 'ओजी ब्यूटी क्वीन' है जिसकी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है.

सभी स्वास्थ्य चुनौतियों के बावजूद शोस्टॉपर के रूप में इस अविश्वसनीय फैशन शो को बंद करने के प्रबंधन पर, उर्वशी ने कहा, ₹102 डिग्री बुखार से जूझते हुए, मुझे यकीन नहीं था कि मेरे पास इससे उबरने की ताकत होगी या नहीं. यह उन चुनौतीपूर्ण क्षणों में से एक था जहां मुझे अपनी सीमाओं से आगे बढ़ना था, लेकिन किसी तरह, मैंने इसे पूरा करने के लिए अपने भीतर लचीलापन पाया. पीछे मुड़कर देखने पर, यह मुझे दृढ़ संकल्प की शक्ति और उन अविश्वसनीय चीजों की याद दिलाता है जिन्हें हम तब हासिल कर सकते हैं जब हम हार नहीं मानते.

मणिपुर के लिए उनके प्यार और प्रशंसा के बारे में पूछे जाने पर, वैश्विक सुपरस्टार ने यह कहते हुए समापन किया कि मणिपुर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के साथ मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है. मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रही हूं.



# बुन्देसलीगा : वोल्फसबर्ग को 4-3 से हराकर दूसरे स्थान पर पहुंचा बेयर लीवरकुसेन

एजेंसी

**बर्लिन ।** बेयर लीवरकुसेन रविवार को बुन्देसलीगा में वोल्फसबर्ग को 4-3 से हराकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। लीवरकुसेन ने शानदार शुरूआत की, लेकिन पांच मिनट बाद ही वह 1-0 से पीछे हो गया, जब डिफेंडर नॉर्डी मुकीले ने मोहम्मद अमौरा के खतरनाक हेडर को अपनी ही गोल पोस्ट में डाल दिया। हालांकि मैच के 14वें मिनट में फ्लोरियन विट्र्ज़. ने गोल कर लीवरकुसेन को 1-1 से बराबरी दिला दी।

कुछ ही क्षणों बाद लीवरकुसेन ने वापसी की जब जोनाथन ताह ने एलेजांद्रो ग्रिमाल्डो के पास पर हेडर से गोल करके स्कोर 2-1 कर दिया। हालांकि, लेवरकुसेन की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रही, क्योंकि सेबेस्टियन बोर्नौ ने 37वें मिनट में हेडर के जरिये गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मैथियास स्वानबर्ग ने 18 मीटर की दूरी से गोल कर वोल्फसबर्ग को हाफटाइम के पहले 3-2 की बढ़त दिला दी।

खेल पुनः शुरू होने के बाद, लेवरकुसेन के कोच जाबी अलोंसो ने प्रतिक्रियास्वरूप पिएरो




हिनकापी को मैदान में उतारा, जिन्होंने तुरंत प्रभाव डालते हुए दूसरे हाफ के चौथे मिनट में गोल कर स्कोर 3-3 से बराबर कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में विक्टर बोनिफेस ने गोल कर लीवरकुसेन को 4-3 से आगे कर दिया और अंतिम हूटर बजने पर यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ।

रविवार को अन्य मुकाबलों में स्टटगार्ट ने डेनिस उन्दाव के दो गोल की बदौलत बोरूसिया डॉर्टमुंड को 5-1 से हराया, जबकि नव पदोन्नत सेंट पॉली ने लीपजिंग के साथ गोल रहित ड्रा खेला।

आकाश यादव (लखनऊ लायंस) ने ऑरेंज और कशिश पुंधीर (हरयाणवी हंटर्स) ने पर्पल कैप जीता

# हरयाणवी हंटर्स ने जीता एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग 2024 का खिताब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हरयाणवी हंटर्स ने एंटरटेनर्स क्रिकेट लीग (ईसीएल) टी10 के उद्घाटन संस्करण का खिताब जीत लिया है। इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में रविवार रात खेले गए शानदार मुकाबले में हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 8 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा किया। हरयाणवी हंटर्स के रोहित लांबा को उनके अद्वितीय ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया।

लखनऊ लायंस के कप्तान अनुराग द्विवेदी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन उनकी टीम को शुरूआत में ही झटके लगे। अनुराग खुद 6 गेंदों पर सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए। हरयाणवी हंटर्स के तेज गेंदबाज रोहित लांबा ने दूसरा ओवर करते हुए 3 विकेट झटके, जिससे लायंस की टीम का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। टूनामेंट में



लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑरेंज कैप धारक आकाश यादव भी केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए।

हालांकि, लखनऊ लायंस को अमनदीप सिंह (46 रन, 17 गेंदों पर) और आशीष कुमार मीणा (35 रन, 17 गेंदों पर) के बीच 65 रनों की तेज साझेदारी से थोड़ी स्थिरता मिली, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज जल्दी आउट हो गए। रोहित लांबा के 3 विकेट (26 रन देकर) और अनुज चौधरी के शानदार 2 विकेट (8 रन देकर) की बदौलत हरयाणवी हंटर्स ने लखनऊ लायंस को 10 ओवरों में 131/9 पर सीमित कर दिया।जवाब में हरयाणवी हंटर्स के कप्तान एल्विश यादव ने अपनी स्टार पावर का परिचय देते हुए धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने सिर्फ 8 गेंदों में 30 रन ठोक दिए, जिसमें 5 शानदार छक्के शामिल थे, जिससे उन्होंने टीम के रन चेज की शुरूआत शानदार की। हालांकि, केशव चौधरी 6 रन बनाकर आउट हो गए, फिर भी हंटर्स ने 4 ओवरों में 63/2 का स्कोर बना लिया था। ललित यादव (30*) और अनुज चौधरी (63*) की नाबाद 83 रनों की साझेदारी ने हरयाणवी हंटर्स को 7.1 ओवर में 135/2 के स्कोर तक पहुंचा दिया, जिससे उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया और चैंपियनशिप जीत ली।

रोहित लांबा और अनुज चौधरी को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, क्योंकि दोनों ने बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। लखनऊ लायंस के आकाश यादव ने 330 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की, जबकि हरयाणवी हंटर्स के कशिश पुंधीर को 14 विकेट लेकर पर्पल कैप से नवाजा गया।

न्यूज IN ब्रीफ

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर इसके प्रचार-प्रसार का किया आव्हान



**भोपाल।** दुनियाभर में आज सोमवार को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश के मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी से इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का आ०?हान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि 'सांकेतिक भाषा, संवाद का ऐसा उत्तम माध्यम है, जिससे भावनाएं भी सहज व्यक्त की जा सकती हैं। आइए, अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग के लिए कदम बढ़ाएं।' गौरतलब है कि हर साल 23 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। यह एक खास दिन है, जब दुनिया भर में सांकेतिक भाषाओं के महत्व और बधिर लोगों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाती है। 2017 में विश्व बधिर महासंघ ने इस दिन को मनाने की शुरूआत की थी।

## मध्यप्रदेश में एक बार फिर सक्रिय हुआ मानसून आज से अगले 3 दिन तक तेज बारिश की संभावना


**भोपाल।** मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। आज सोमवार से अगले 3 दिन तक तेज बारिश की संभावना है। सोमवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर में हल्की बारिश हो सकती है। जबकि ग्वालियर समेत 23 जिलों में तेज धूप निकलने का अनुमान है। हालांकि प्रदेश के 38 जिलों में बारिश का कोटा फुल हो चुका है। मंडला और सिवनी में सबसे ज्यादा पानी गिरा है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 23 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो रहा है। इसकी वजह से 24 सितंबर से लगातार 3 दिन तक प्रदेश के पूर्वी और दक्षिण के कुछ जिलों में तेज बारिश होने का अलर्ट है। इस बार जबलपुर संभाग का मंडला जिला सबसे ज्यादा बारिश वाले जिलों में अव्वल है। यहां 57.2 इंच पानी गिर चुका है। सिवनी में 54.2 इंच, श्योपुर में 51.9 इंच, भोपाल, निवाड़ी और सागर में 50 इंच से ज्यादा बारिश हुई है। श्योपुर में सामान्य से दोगुनी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश वाले टॉप-10 जिलों में सीधी, राजगढ़, डिंडौरी, रायसेन और छिंदवाड़ा जिले भी शामिल हैं। वहीं, बीते रविवार को रतलाम, धार और नर्मदापुरम में हल्की बारिश हुई। खजुराहो सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसी तरह उज्जैन में तापमान 35.8 डिग्री, ग्वालियर में 35.2 डिग्री और गुना में 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में 250 से अधिक डैम में से करीब 200 फुल हो चुके हैं। कई के तो 8 से 10 बार गेट खुल चुके हैं। कोलार, केरवा, बरगी, अटल सागर समेत कई डैम अभी भी ओवरफ्लो हैं। आने वाले दिनों में तेज बारिश का दौर शुरू होने से डैम-तालाब फिर छलक जाएंगे। रविवार को तेज बारिश का दौर जरूर थमा रहा लेकिन इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, मड़ीखेड़ा, तवा, मोहनपुरा, हलाली, अटल सागर, तिघरा, बानसुजारा, जोहिला समेत कई बांधों में पानी का लेवल बढ़ा रहा।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में तेजी का रुख

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार होता रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली का दबाव बना रहा। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती करने के बाद अमेरिकी बाजार में आई तेजी लंबे समय तक टिक नहीं सकी। पिछले सत्र के दौरान मुनाफा वसूली के दबाव की वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,702.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,948.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,085.46 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 98.73 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,229.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 115.15 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,500.26 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 282.37 अंक यानी 1.51 प्रतिशत टूट कर 18,720.01 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 8 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 1 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बना हुआ है। एशिया के बाजारों में से इकलौता जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स फिलहाल 0.33 प्रतिशत टूट कर 7,717.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 109.50 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,950 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.54 प्रतिशत उछल कर 3,644.46 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। निक्केई इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 568.58 अंक यानी 1.51 प्रतिशत की मजबूती के साथ 37,723.91 एक अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 99.18 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,357.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 0.36 प्रतिशत उछल कर 22,238.92 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,599.41 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 1,452.38 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,756.39 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## मुंब्रा में इमारत का स्लैब गिरने से बच्ची की मौत, तीन घायल



**मुंबई ।** ठाणे जिले के मुंब्रा स्थित जीवनबाग में बानू टावर नामक इमारत का स्लैब गिरने से सोमवार सुबह पांच साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर राहत और बचाव कार्य कर रही है। जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 8 बजे उमर शेख के घर की स्लैब गिरने से पांच साल की बच्ची उनेजा की मौत हो गई। जबकि उमर शेख, उसकी पत्नी मुस्कान और बेटा एजाज घायल हो गए। इन सभी का मुंब्रा के निजी अस्पताल में इलाज जारी है। ठाणे नगर निगम की टीम ने हादसा ग्रस्त घर को खाली करा कर सील कर दिया है।

# प्रादेशिक सेना की 128वीं पैदल वाहिनी ने एक घंटे में रोपे पांच लाख से अधिक पौधे, बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रादेशिक सेना की 128वीं पैदल वाहिनी (इको टास्क फोर्स) ने रविवार को जैसलमेर में एक घंटे में पांच लाख से अधिक पौधे रोपकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया । रेतीले जैसलमेर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस सफलता पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रादेशिक सेना को बधाई दी है। भूपेंद्र यादव ने एक्स पर कहा कि प्रादेशिक सेना ने एक घंटे में 5,19,130 ??पौधे लगाए। यह प्रयास एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत जनभागीदारी का एक अनूठा उदाहरण बनकर सामने आया है। इसमें स्थानीय समुदायों, जिला अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, बीएसएफ, होम गार्ड और स्कूलों ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित उपलब्धि में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि 128 बटालियन इको-टास्क फोर्स और प्रादेशिक सेना (एमओईएफ और सीसी की 6 इकाइयों में से एक) ने प्रादेशिक सेना के सहयोग से एक घंटे में पांच लाख से अधिक पौधे रोपने का विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

### नौकरशाही में आधी रात बड़ा फेरबदल

# भजनलाल सरकार ने 22 आइएएस, 58 आइपीएस बदले

एजेंसी




**जयपुर।** राजस्थान की नौकरशाही में बड़ा फेरबदल हुआ है। भजनलाल सरकार ने रविवार आधी रात 22 आईएएस और 58 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि 12 अधिकारियों को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है, इनमें आठ आईएएस और चार आईपीएस शामिल हैं। गुजरे सोलह दिन में यह दूसरा मौका है जब आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इससे पहले पांच सितंबर को आईएएस की जंबो तबादला सूची जारी की गई थी।

राजस्थान में आईपीएस और आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची को लेकर पिछले कई दिनों से मंथन चल रहा था। आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची में तीन संभागीय आयुक्त और छह जिलों के कलक्टर बदले गए है, वहीं आईपीएस की तबादला सूची में दो रेंज आईजी और 15 जिलों के एसपी बदले गए हैं। आईएएस की तबादला सूची में ज्यादातर नाम वही है जिनका पिछली सूची में तबादला किया गया था। इसमें तीन संभाग और छह जिलों में कलक्टर बदले गए है। जोधपुर, कोटा और पाली में संभागीय आयुक्त बदले गए है। इसके अलावा डीडवाना, सवाई माधोपुर, राजसमंद, डीग, ब्यावर और चूरू जिले में कलक्टर बदले गए है। आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची में 11 एडीजी, आठ आईजी, 12 डीआईजी व 26 एसपी स्तर के अधिकारियों को बदला गया है। गोविंद गुप्ता को पदोन्नत होने के बाद डीजी जेल का जिम्मा दिया गया है। इस सूची में 15 जिलों के एसपी बदले गए हैं तथा दो रेंज के आईजी बदले गए हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर के पद पर बीजू जॉर्ज जोसफ व एडीजी क्राइम पद पर दिनेश एमएन को बरकरार रखा गया है।

सूची में भवानी सिंह देथा को प्रमुख सचिव आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति, अंबरीश कुमार को सचिव, चिकित्सा शिक्षा, उर्मिला राजोरिया को सचिव प्रशासनिक सुधार विभाग, प्रतिभा सिंह को संभागीय आयुक्त, जोधपुर, राजेंद्र विजय को संभागीय आयुक्त, कोटा, हरिमोहन मीणा को प्रबंध निदेशक, वित्त निगम, ओम प्रकाश कसेरा को प्रबंध निदेशक राजस्थान ऊर्जा विकास, पुखराज सेन को कलक्टर, डीडवाना-कुचामन, शुभम चौधरी को कलक्टर सवाईमाधोपुर, डॉ. भंवर लाल को प्रबंध निदेशक जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, पीयूष सामरिया को कार्यकारी निदेशक रूडसीको, राजेंद्र वर्मा को प्रबंध निदेशक, खाद्य और नागरिक आपूर्ति निगम, बालमुकुंद असावा को कलक्टर राजसमंद, खुशाल यादव को संयुक्त सचिव, वित्त (कर) विभाग, अरुण हसीजा को आयुक्त नगर निगम हेरिटेज, सीओ स्मार्ट सिटी, उत्सव कौशल को कलक्टर, डीग, महेंद्र खडगावत को कलक्टर, ब्यावर, अभिषेक सुराना को कलक्टर, चूरू, अतुल प्रकाश को सीईओ भिवाड़ी इंटीग्रेटेड विकास प्राधिकरण, सलोनी खेमका को निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, मृदुल सिंह को सीओ (माडा) भरतपुर, आव्हाय निवृत्ति सोमनाथ सीईओ (माडा) धौलपुर भेजा गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

एजेंसी



**न्यूयॉर्क ।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका की नामी गिरामी प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ के साथ राउंड टेबल मीटिंग में कहा कि भारत पांच साल में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। यह लक्ष्य हम अपने तीसरे कार्यालय में हासिल कर लेंगे। आज हमारा इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर 150 बिलियन डॉलर से अधिक का है। हमारा लक्ष्य इसे 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने का है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान यहां कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत इंडस्ट्री के साथ जितना सहयोग हो सकता है वह करने के लिए तैयार हैं। भारत में 500 मिलियन से ज्यादा कामकाजी लोग हैं। देश का यूथ स्टीम की पढाई में काफी रुचि ले रहा है। खासकर बेटियां इन क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। आज युवा की ट्रेनिंग और अपस्केलिंग बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से भारत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर आगे चल रहा है। आज का भारत महत्वाकांक्षी सपने देखता है। उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास भी करता है। 21वीं सदी तकनीकी संचालित है। इसलिए तकनीक और लोकतंत्र में संतुलन बहुत जरूरी है। लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक का मेल मानव कल्याण की गारंटी देता है। भारत के पास प्रतिभा, लोकतंत्र और मार्केट है। ऐसी गोल्डन ऑपर्च्युनिटी नायाब होती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान पिछले वर्ष की अपनी वाशिंगटन यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा मुझे तब एक कार्यक्रम में आपमें से कई साथियों से मिलने का मौका मिला।आज एक साल बाद यहां दुनिया के बड़े-बड़े इनोवेटर के साथ बैठक कर गर्व महसूस हो रहा है।

## बंगाल सरकार से तकरार के बीच डीवीसी ने फिर छोड़ा पानी

एजेंसी

**कोलकाता।** राज्य सरकार के साथ विवाद के बीच दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) ने पंचेत और मैथन जलाशयों से पानी छोड़ा है। सोमवार को डीवीसी ने जानकारी दी कि मैथन जलाशय से 30 हजार क्यूसेक और पंचेत जलाशय से 12 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। रविवार सुबह दोनों जलाशयों से छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा क्रमशः 30 हजार क्यूसेक और 20 हजार क्यूसेक थी।

पंचेत और मैथन से छोड़ा गया 42 हजार क्यूसेक पानी दुगार्पुर जलाशय तक पहुंचा, जहां से 49 हजार 50 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी दामोदर नदी के किनारे होते हुए पूर्व बर्धमान, हावड़ा और हुगली जिलों में पहुंचेगा। बाढ़ के कारण पहले से ही हावड़ा, हुगली, पूर्व मेदिनीपुर, बीरभूम और पूर्व बर्धमान के कई गांव पानी में डूबे हुए हैं। इस स्थिति में डीवीसी द्वारा छोड़ा गया अतिरिक्त पानी इन निचले इलाकों को फिर से जलमग्न कर सकता है। हालांकि, झारखंड में अब बारिश नहीं हो रही है और इसी कारण डीवीसी धीरे-धीरे पानी छोड़े जाने की मात्रा कम कर रहा है। डीवीसी द्वारा मैथन और पंचेत जलाशयों से पानी छोड़े जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई है। शनिवार को उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूसरा पत्र लिखा। उन्होंने बताया कि वे केंद्र के रवैये के विरोध में दामोदर वैली जलाशय नियंत्रण समिति (डीवीआरसी) से राज्य के प्रतिनिधियों को वापस ले रही हैं। इसके तुरंत बाद, रविवार को डीवीसी बोर्ड और डीवीआरसी से राज्य के दो शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया। पश्चिम बंगाल विद्युत विभाग के सचिव शांतनु बोस ने डीवीसी बोर्ड से इस्तीफा दिया, जबकि राज्य के सिंचाई विभाग के प्रमुख इंजीनियर उत्तम राय ने डीवीआरसी से इस्तीफा दिया। डीवीसी के अलावा जल आयोग, पश्चिम बंगाल और झारखंड सरकार के प्रतिनिधियों के साथ यह समिति बनाई गई है।

## भाजपा उम्मीदवार को किसानों ने बंधक बनाया, एसपी ने खुद जाकर प्रत्याशी को निकाला

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नारायणगढ़ से भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध का सामना करना पड़ा। रविवार रात प्रचार के दौरान पवन सैनी को करीब दो घंटे तक बंधक बनाया गया। अंबाला के एसपी ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को संभाला। उग्र ग्रामीणों को शांत करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

नारायणगढ़ विधानसभा हलका मुख्यमंत्री नायब सैनी का गृहक्षेत्र है। नायब सैनी इस बार लाडवा से चुनाव लड़ रहे हैं और लाडवा से प्रमुख दावेदार रहे पवन सैनी नारायणगढ़ हलके चुनाव लड़ रहे हैं। नारायणगढ़ से उम्मीदवार पवन सैनी रविवार शाम काफिले के साथ वोट मांगने फतेहगढ़ जा रहे थे। रास्ते में किसानों ने चारों तरफ से ट्रैक्टर लगा कर उन्हें घेर लिया। करीब डेढ़ घंटे तक वह किसानों के बीच फंसे रहे। किसान उन्हें ट्रैक्टर चढ़ा कर कुचलने का डर दिखाते रहे। इस दौरान खूब हंगामा हुआ। सूचना मिलने के बाद अंबाला के एसपी सुरेंद्र भौरिया भारी पुलिस बस के साथ मौके पर पहुंचे।

## 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के आज छह साल हुए पूरे

### नड्डा ने इसे बताया विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के आज छह साल पूरे हो गए। आज इसकी छठी वर्षगांठ पर केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है।

उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है। सितंबर 2008 में शुरू यह योजना आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में से एक है। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रगतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना-आयुष्मान भारत योजना है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल पहुंच प्रदान करने की इस सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि पिछले छह वर्षों में, इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। आशा, उपचार और, कई मामलों में, जीवन रक्षक उपचार की पेशकश की है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि जब कोई राष्ट्र अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार के साझा लक्ष्य के साथ एक साथ आता है तो क्या हासिल किया जा सकता है।

### शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी का रुख

# सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड

एजेंसी



**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत ऑल टाइम हाई ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। हालांकि इस खींचतान में अभी तक खरीदारों का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.31 प्रतिशत और निफ्टी 0.42 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ओएनजीसी, बीपीसीएल, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर 1.99 प्रतिशत से लेकर 1.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, आयशर मोटर्स, विप्रो, इन्फोसिस और एचसीएल टेक्नोलॉजी के शेयर 1.19 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,389 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,578 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 811 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 106.84 अंक की मजबूती के साथ ऑल टाइम हाई ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 84,651.15 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 84,881.73 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से ये सूचकांक इस ऊंचाई पर कायम नहीं रह सका। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 263.14 अंक की मजबूती के साथ 84,807.45 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 81.60 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 25,872.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक छलांग लगा कर अभी तक के सर्वोच्च शिखर 25,925.80 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 107.10 अंक की बढ़त के साथ 25,898.05 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ 84,544.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,790.95 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

## सोमरा उरांव ने की खुदकुशी, पुलिस जांच में जुटी

**चान्हो :** चान्हो थाना क्षेत्र के शिलागाई गांव में रविवार को एक दुखद घटना सामने आई, जहां गांव निवासी दुखा उरांव के 45 वर्षीय पुत्र सोमरा उरांव ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमरा उरांव मानसिक रूप से बीमार था। रविवार सुबह उसने अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित एक पेड़ पर रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर के समय ग्रामीणों ने सोमरा का शव पेड़ से लटका हुआ देखा और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और यह जानने का प्रयास कर रही है कि किन परिस्थितियों में सोमरा उरांव ने यह कदम उठाया। पुलिस की छानबीन जारी है और घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

## मांडर कॉलेज के नए प्रभारी प्राचार्य का हुआ स्वागत



**मांडर :** झारखंड छात्र मोर्चा मांडर कॉलेज (इकाई) ने मांडर कॉलेज के नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. के. ए. एन. शाहदेव का शॉल ओढ़ाकर और बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर मारवाड़ी कॉलेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष आसिफ, अदनान हुसैन, और वसीम अकरम विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मांडर कॉलेज के सभी प्रोफेसर भी मौजूद रहे। इस स्वागत समारोह के दौरान, झारखंड छात्र मोर्चा ने कॉलेज में छात्रों से जुड़ी समस्याओं को प्राचार्य महोदय के सामने रखा। छात्रों ने कॉलेज में शिक्षकों की कमी को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की और नए शिक्षकों की बहाली की मांग की, ताकि छात्र हितों की रक्षा हो सके। प्राचार्य डॉ. शाहदेव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि छात्रों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने छात्रों के हित में सकारात्मक कदम उठाने का वादा किया। इस मौके पर विकास कुजूर, शमशेर खान, इल्याजर कुजूर, चोमनू महतो, और छात्र नेता जेसिएम हमजा समेत कई अन्य छात्र और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सुबोधकांत सहाय को दीपक लाल ने दी बधाई



**रांची :** लोकप्रिय छात्र नेता और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य दीपक लाल ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को झारखंड विधानसभा के मद्देनजर गठित कैंपेन कमिटी का चेयरमैन बनाने पर पार्टी आलाकमान के प्रति आभार व्यक्त किया है। दीपक लाल ने कहा है कि श्री सहाय के नेतृत्व में आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी दलों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि 37 सदस्यीय कैंपेन कमिटी की कमान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को सौंपने का निर्णय सराहनीय है। श्री सहाय एक परिपक्व राजनेता हैं। संगठन के प्रति समर्पित हैं। कांग्रेस पार्टी के सभी पुराने व नए साथियों के बीच सामंजस्य स्थापित कर अपनी अद्भुत नेतृत्व क्षमता से आगामी चुनाव में विपक्षियों को धूल चटाने में सफल होंगे। वहीं, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मो.निजाम अली ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर कांग्रेस राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 37 सदस्यीय कैंपेन कमिटी का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को सौंपने के निर्णय को दूरदर्शितापूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि श्री सहाय के नेतृत्व में चुनाव कैंपेन कमेटी बेहतर कार्य करेगी। इससे संगठन सशक्त होगा। विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सफलता के परचम लहराएगी।

## फुटबॉल मैच का फाइनल मातडीह ने जीता



**सिल्ली :** विवेकानंद सेवा केंद्र बरवाटोली व खेल समिति मार्गदर्शन रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के तत्वाधान में आयोजित प्रखंड स्तरीय अंतर विवेकानंद सेवा संघ फुटबॉल खेल की अंतिम प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को टाटी स्कुल मैदान जोन्हा में मातकमडीह सेवा संघ बनाम वरवाटोली विवेकानंद सेवा संघ के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबला के बीच मातकमडीह ने बरवाटोली को 0-1 गोल से हराया। मुख्य अतिथि मित्र जीत चौधरी टाटी पंचायत मुखिया रामानंद बेदिया समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने विजेता एंव उपविजेता टीम को एक -एक खस्सी तथा कप देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर झामुमो रांची जिला उपाध्यक्ष सह टाटी पंचायत मुखिया रामानंद बेदिया ने कहा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभा का कमी नही है संसाधन का अभाव में भी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है जरूरत है इन खिलाड़ियों को उचित मंच मिलने का । वही समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा ने कहा खेल में हार जीत लगी रहती है और एक दिन हारने वाला ही जीतता है इसलिए खिलाड़ी अपना हौंसला हमेशा बुलंद रखें और अपने खेल के प्रति निरंतर प्रयास जारी रखें। मौके पर टाटी मुखिया रामानंद बेदिया समाजसेवी अनिल सिंह मुंडा नवागढ़ मुखिया भुनेश्वर बेदिया सुरसु मुखिया सुमित्रा देवी टाटी पंसस मकर सिंह मुंडा आदि समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति की महानगर कमिटी गठित



**रांची :** युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर बैठक रखी गयी जिसकी अध्यक्षता महासमिति के संस्थापक जनसेवक श्री राधे सिन्हा जी के द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर विचार विमर्श किया गया। सभाकर में इस महासमिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से श्री कुमार मृणाल सिन्हा जी को 2024 के महासमिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इस वर्ष महिला टीम का गठन भी किया गया। युवा रांची महानगर दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक राधे सिन्हा ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव 2024 इस वर्ष माहसमिति के द्वारा रांची के विभिन्न पूजा पंडालों से आने वाले भक्तों का मां की प्रतिमा का विसर्जन एवं शोभा यात्रा में हमारे महासमिति के टीम के द्वारा सभी को सम्मानित किया जाएगा एवं भंडारा और पानी की भी व्यवस्था किया जाएगा।

# विधान सभा चुनाव 2024 कोल्हान के लिए है काफी महत्वपूर्ण

**बिनय मिश्रा**



**कोल्हान** प्रमण्डल में विधानसभा की कुल 14 सीटें हैं और वर्तमान समय में 14 सीटों में से सर्वाधिक सीट झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कब्जे में है। सिर्फ सरायकेला विधानसभा से निरंतर विधायक चुने जाने वाले काबीना मंत्री और मुख्यमंत्री रह चुके चम्पाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गयें। इस प्रकार से वर्तमान समय में पश्चिम सिंहभूम जिला के कुल पांच सीटों में से चार पर झामुमो का कब्जा है और एक पर कांग्रेस का। वहीं सरायकेला-खरसवां जिला में कुल तीन विधानसभा सीटों में से सबों पर झामुमो का कब्जा है। वहीं पूर्वी सिंहभूम की कुल छः विधानसभा में से चार पर झामुमो का और एक पर कांग्रेस का तथा एक पर निर्दलीय प्रत्याशी सरयु राय विधानसभा जीतने में सफल रहें थे। कोल्हान प्रमण्डल से चार मुख्यमंत्री बनने और बनाने का रिकार्ड कोल्हान के खाते में है। पूर्व मुख्यमंत्री सह केन्द्र मंत्री रह चुके अर्जुन मुण्डा 1995 में झामुमो से खरसवां विधानसभा से चुनाव जीता था और वर्ष 2000 में भाजपा में शामिल हुए और विधानसभा चुनाव जीते। काबीना मंत्री और मुख्यमंत्री भी बनें। वहीं जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से निरंतर दो बार चुनाव जीतने वाले भाजपा से चुनाव जीत कर मंत्री बनें और निर्दलीय चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बनें। बाद में इन्होंने अपनी पार्टी जय भारत समानता पार्टी बनायी और वर्तमान समय में भाजपा में शामिल है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से निरंतर कई बार चुनाव जीतने वाले रघुवर दास काबीना मंत्री उप मुख्यमंत्री बनने के पश्चात 2014 में मुख्यमंत्री बनें और पांच वर्षों तक निरंतर मुख्यमंत्री बनने का रिकार्ड भी इनके नाम है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर सशक्त और झारखण्ड अलग राज्य के लिए आन्दोलन करने वाले चम्पाई सोरेन 1991 में प्रथम बार विधायक बनें वह भी निर्दलीय तथा तत्कालीन सांसद कृष्णा मार्डी की पत्नी स्व0 मोती मार्डी को पराजीत कर इसके पश्चात 1995 में झामुमो से विधायक चुने गये और वर्ष 2000 में भाजपा के अनन्त राम टुडू से पराजित हो गये थे। 2005 से अबतक वे निरंतर विधानसभा चुनाव जीतते रहें और काबीना मंत्री के पश्चात मुख्यमंत्री भी बनें। वर्तमान समय में श्री सोरेन झामुमो को अलवीदा कर भाजपा में शामिल हो गये हैं और इस प्रकार से 15 नवम्बर 2000 को गठित झारखण्ड राज्य को कोल्हान ने सर्वाधिक मुख्यमंत्री देने का रिकार्ड भी बनाया है।

# माता-पिता के चरणों में ही है जन्नत और सबों की यही होती है मन्नत



**बिनय मिश्रा**

**भारतीय** पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह झारखण्ड के उन सफलतम आईपीएस अधिकारी के रूप में शामिल हैं जिन्होंने अपनी बेहतर कार्यप्रणाली और आमजनों के बीच बेहतर कार्यों से लोगों को पुलिस के प्रति बेहतर सोंच और समुचित सहायता से झारखण्ड पुलिस को एक बेहतर पहचान और शाख भी दी है। श्री सिंह सेवानिवृत 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत होने के पश्चात जनसरोकार और सामाजिक कार्यों को निरंतर और गति देने का कार्य कर रहे हैं। लोगों में जागरूकता, कानुनी सलाहकार और जनबोध का भी व्यापक रूप से कार्यक्रम कर बेहतर संदेश देने का काम कर रहे हैं। इन्हीं व्यस्तताओं के बीच श्री सिंह अपने निवास स्थल कोडरमा जाकर अपनी माता-पिता की सेवा तथा उनके साथ समय बिताना अब भी जारी रखा है। अति व्यस्तता, सामाजिक कार्यों से निरंतर सरोकार रखने वाले श्री सिंह की यह विशेषता है कि वे माता-पिता से मिलना और उनके चरण में रहना उनके कुशल संस्कार का परिचायक है। सेवानिवृत डीआईजी राजीव रंजन सिंह अपनी धर्मपत्नी मंजु सिंह के साथ माँ-पिता के पास पहुंचते हैं और आदर्श पुत्र और पुत्रवधू के रूप में माता-पिता से मिलकर असीम सुख की अनुभूति महसूस करते हैं। श्री सिंह झारखण्ड के ग्रामीण एसपी राँची, ट्रेफिक एसपी राँची, सिमडेगा के एसपी भी रह चुके हैं और सिमडेगा में आज भी इनकी काफी सशक्त पहचान बनी हुयी है। संथाल परगणा के गोड्डा और पाकुड़ में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं वहीं कोल्हान के डीआईजी भी श्री सिंह रह चुके हैं। यहां से उनका तबादला जैप डीआईजी के रूप में हुआ। जैप डीआईजी के रूप में भी इनके द्वारा हजारीबाग के जैप भवन का उद्घाटन पलामु के लेसीगंज में भी जैप अधीन कार्यों को भरपुर गति दी गयी और इसी का परिणाम है कि आज भी जैप डीआईजी के रूप में उनके किये गये कार्य बिहार को एक सशक्त पहचान दी है।

## नया उम्मीदवार आदिवासी होना चाहिए : प्रेम शाही मुंडा

**मुरी :** भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश के तत्वाधान में सिल्ली विधानसभा के अंतर्गत पतराहातू मैदान में आदिवासी महासमाग कार्यक्रम संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रेम शाही मुंडा और मुख्य वक्ता के तौर पर बबीता कश्यप शामिल हुइ। समागम की अध्यक्षता रास बिहारी बडाईक एवं संचालन सिदाम सिंह मुंडा एवं हेमंत पातर मुंडा ने की। इस महासमागम में हजारों की संख्या में युवा कार्यकर्ता भारत आदिवासी पार्टी में शामिल हुए' इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत आदिवासी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने संबोधित करते हुए कहा कि सिल्ली विधानसभा की विकास के लिए अपार संभावनाएं होनी चाहिए थी लेकिन अभी तक विकास नहीं हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए भारत आदिवासी पार्टी की आवश्यकता है। इसलिए आदिवासी समाज के नेताओं को ही मंत्री, विधायक बनाएं ,क्योंकि सामाजिक मुद्दे जब तक राजनीतिक के तौर पर सदन में नहीं भेजा जाएगा तब तक आदिवासियों के धर्मकोड,पेसा



कानून,समता जजमेंट ट्राइबल सब प्लान ,जमीन लूट सदन के माध्यम से ही यह बचया जा सकता है' द्विउड़ी तमाड़ में जो जमीन के मामले हैं उसके लिए भी लड़ाई जोरदार तरीके से करना होगा' आदिवासी- मूलवासी जनता से भी अपील करना चाहते हैं कि यहां सुदेश महतो, अमित महतो अनेक ने विधायक मंत्री बने ' लेकिन अभी तक इस विधानसभा का विकास नहीं हुआ है' अब इस विधानसभा में नए राजनीतिक तौर पर शुरू करनी होगी' उनके स्थानीय नियोजन नीति का समाधान नहीं हो पाया ' रोजगार के आभाव में यहां की जनता अन्य राज्यों में रोजगार तलाश रहे हैं।

इस समागम में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष सुरेंद्र लिंडा ,कार्यकारी अध्यक्ष अजय कच्चछप, महासचिव कृष्ण हसदा ,महिला मोर्चा अध्यक्ष कुंदरसी मुंडा, सचिव अभय भूट , पूर्वी सिंहभूम प्रोफेसर सोबरन मुंडा ,सचिन सुकुमार सोरेन,कार्तिक मुखी,सिदाममुंडा,प्रकाश मुंडा,रामाशीष करमाली,सुन्दर मुंडा, सोमा पातर, लखी चरण मुंडा आदि. शामिल हुए'।

# दर्जनों ग्रामीणों ने थामा झापा का दामन



**सिमडेगा :** वर्तमान जनप्रतिनिधि और सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कुरडेग प्रखंड के दर्जनों लोग झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का के घर पहुंचे। सभी ग्रामीणों ने चुनाव में बदलाव का संकल्प लेते हुए झारखंड पार्टी को जीत दिलाने की बात कही। सभी लोगों ने पार्टी के साथ जुड़कर काम करने बात कही। इसके बाद झापा नेताओं ने दुपट्टा पहना कर सभी का पार्टी में स्वागत किया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का, आईरिन एक्का, प्रखंड अध्यक्ष आनंद इंडरूस, प्रदीप टोप्पो आदि ने सभी का स्वागत किया। मौके पर रसिम लकड़ा, सफिरा तिग्गा, सुनील लकडा, पुस्पा कुजूर, इलाजाबेथ कुजूर, सुशीला लकड़ा, रोशनी बाड़ा, प्रीति खलखो, अनिमा लकड़ा, सुभिला मिंज, सुषमा तिग्गा, ग्लोरिया लकड़ा,अर्चना लकड़ा, अब्यानी तिर्की,नीलिमा कुजुर, प्रेमा तिर्की सहित कई लोगों ने झापा का दामन थामा।

## सरकारी अस्पतालों और स्कूलों को सुधारने की जरूरत : निपु सिंह



**रांची:** राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष सह हटिया विधानसभा प्रत्याशी निपु सिंह ने कहा कि अगर राज्य का विकास करना है और उन्नति की ओर ले जाना है तो सबसे पहले सरकारी अस्पतालों और स्कूलों को सुधारना होगा । सिंह ने कहा कि जब तक सरकारी अस्पताल और स्कूल नहीं सुधरेगा तब तक आप चाहे कुछ भी विकास कर ले राज्य की उन्नति नहीं होने वाली है और उन्होंने कहा कि जब शिक्षा अच्छा से मिलेगी तो सरकारी लाभ लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी जनता खुद अपना देश विदेश में जाकर जॉब ढूंढ लेंगे और अपना परिवार को पाल लेंगे और कहां की सरकारी स्कूल का बच्चा आज पढ़ने में इतना कमजोर है की आठवां कक्षा के बच्चा को यह नहीं पता है कि हमारा देश कब आजाद हुआ हैं और हमारे देश के प्रथम और वर्तमान प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति कौन है और उन्होंने कहा कि वहीं हाल सरकारी अस्पताल के हैं न बेड है न दवा है ना ही सही समय पर डॉक्टर आते हैं उसका पूरा फायदा प्राइवेट अस्पतालों वाले ने उठा रहे हैं आज बाहर के दवा दुकानदार प्रिंट रेट पर दवा बेच रहे हैं और सरकारी अस्पतालों में अच्छा सुविधा नहीं होने के कारण बाहर के सभी प्राइवेट अस्पतालों ने मनमानी पैसा वसूल रहे हैं इसे देखते हुए झारखंड सरकार को जल्द से जल्द सरकारी अस्पतालों और स्कूलों को सुधारना होगा तभी राज्य में खुशहाली आएगी ।

## पठान तंजीम का सदस्यता अभियान होग शुरू : खान

**रांची :** पठान तंजीम रांची के द्वारा जनाब तौकीर खान साहब के आवास पर पठान तंजीम सदस्यता अभियान किया गया जिसमे पटलखुदवा, इस्लाम नगर, मिल्लत कॉलोनी, आजाद बस्ती, कांटा टोली और अन्य क्षेत्र लोगों ने सदस्यता अभियान में शामिल हुवे लगभग सैकड़ो को सदस्यता अभियान में जोड़ा गया और सदस्यता अभियान प्रत्येक रविवार को रांची शहर के विभिन्न विभिन्न क्षेत्र में किया जाएगा।

### अनगड़ा में संकल्प महासभा में जयराम ने कहा

## राजनेता चला रहे पर्दे के पीछे आउटसोर्सिंग कंपनी




**सिल्ली :** राजधानी रांची से सटे अनगड़ा ब्लॉक मैदान में आयोजित बदलाव संकल्प महासभा को सम्बोधित करते हुए झारखंड क्रांतिकारी लोकतांत्रिक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कहा इन 24 सालों में सत्ता में जो भी आया सिर्फ लूटने का काम किया है जेएमएम-कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा-आजसू की सबको अपना-अपना परिवार का चिंता रहा है। झारखंड को बाबाजी का ढ़ाबा बना दिया गया है प्रखंड और अंचल में लूट मचा हुआ है जनता त्रस्त है पर्दे के पीछे राजनेता आउटसोर्सिंग कंपनी चला रहे 99% ठेकेदार और एजेंसी के संचालक बाहरी लोग हैं और यही से अरबों रूपए का लूट हो रहा है और हम 5-6 साल में एक बार होने सीजीएल परीक्षा मे ध्यान केंद्रित रखते है। महतो ने आक्रमक तेवर से कहा अब ऐसा नही चलेगा सीधा अंगुली में घी नही निकलने वाला अंगुली टेढ़ा करना करना ही पड़ेगा।

# कुरडेग में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के साथ कार्यकर्ता सत्ता परिवर्तन का भरेंगे हुंकार : केदार कश्यप

**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः** भारतीय जनता पार्टी की आगामी 25 सितंबर से होने वाले परिवर्तन रथयात्रा को लेकर छत्तीसगढ़ के राज्य मंत्री केदार कश्यप ने ठेठईटांगर बोलबा केरसई कुरडेग प्रखंडो का दौरा कर रोड शो एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया साथ ही कार्यकताओं को दिशा निर्देश दिया,कुरडेग में बैठक की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिनदयाल उपाध्याय के तश्वीर पर छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। सर्वप्रथम सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ के मंत्री केदार कश्यप का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर



किया। मंडल अध्यक्ष सकल राम ने स्वागत उद्बोधन के साथ चर्चा प्रारंभ किया एवं परिवर्तन यात्रा की तैयारियों पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि मंत्री केदार कश्यप में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा के दौरान कुरडेग में होने वाले जनसभा में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी सभा को संबोधित करेंगे इसी सभा से हम सब सत्ता परिवर्तन का हुंकार भरेंगे। झारखंड की जनता अब वर्तमान भ्रष्ट सरकार से तंग आ चुकी है आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता झारखंड में भाजपा सरकार चाहती है। उन्होंने कार्यकताओं से कहा आप सब परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने की तैयारी में जुट जाएं। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कुरडेग में पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा आप सभी के ह्रदय में सत्ता परिवर्तन का जुनून देखने को मिल रहा है निश्चित ही 25 सितंबर को होने वाली जनसभा आप सभी के प्रयास से सफलख होगा । मंडल प्रभारी प्रणव कुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कुरडेग में परिवर्तन यात्रा जनसभा में मुख्य अतिथि के तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं हटिया विधायक नवीन जायसवाल मौजूद रह कर कार्यकताओं को सत्ता परिवर्तन का संकल्प दिलाएंगे। कुरडेग में अतिथियों का आगमन दोपहर 3 बजे माइकल किंडो स्टेडियम में होगा । वहीं मंडल के महामंत्री रविंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसको लेकर शक्तिकेन्द्रवार टोली का गठन कर दिया गया है परिवर्तन यात्रा में कुरडेग माइकल किंडो स्टेडियम में रैली की शक्ल में भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचेंगे । मौके पर जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव वरिष्ठ कार्यकर्ता अनूप केशरी जिला उपाध्यक्ष मनोज साय, उमेश जैसवाल, विनोद जयसवाल, अजय जैसवाल, अनुज श्रीवास्तव, सोनी पेंकर, गीता देवी, लीला देवी, अनुज गुप्ता, अबर साय, छबिन्द् साय, नितेश सिंह बसंत गुप्ता, कामेश्वर साय, सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी संयोजक बूथ अध्यक्ष के साथ बहुत अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।